Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 246 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अच्छे लोग दूसरों के लिए जीते हैं, जबकि दुष्ट लोग दूसरों पर जीते हैं।
Good People live for others while the bad people live on others.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में 30 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले- नक्सलियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति



**बीजापुर/कांकेर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 30 नक्सली मारे गए हैं. बीजापुर जिले में 26 नक्सली मारे गए, जबकि कांकेर इलाके में बीएसएफ और राज्य पुलिस के डीआरजी कर्मियों की संयुक्त टीम ने 4 माओवादियों को मार गिराया. बीजापुर मुठभेड़ में एक पुलिस जवान भी शहीद हुआ है.

बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बस्तर संभाग के अंतर्गत बीजापुर और कांकेर में अलग-अलग मुठभेड़ चल रही है. बीजापुर मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी, सुकमा डीआरजी, कोबरा सीआरपीएफ बल शामिल रहा. बीजापुर दंतेवाड़ा सुकमा के सरहदी इलाके में मुठभेड़ हुई. इन इलाकों में पश्चिम बस्तर माओवादी डिवीजन कमेटी और पीएलजीए कंपनी नंबर 2 की मौजूदगी रहती है. बीजापुर की मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं. वहीं एक बीजापुर डीआरजी जवान शहीद हुआ है. सुरक्षा बल लगातार सर्चिंग कर रहे हैं.

बीजापुर और कांकेर में हुए दो नक्सल एनकाउंटर में अब तक 30 नक्सली मारे गए हैं. बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है. बीजापुर मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं. बीजापुर में अब तक कुल 26 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं. कांकेर एनकाउंटर में अब तक कुल 4 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं. मुठभेड़ स्थल पर अभी सर्चिंग जारी है. मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए हैं.

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि कांकेर नारायणपुर सरहदी इलाके में उत्तर बस्तर माड़ डिवीजन कमेटी और पीएलजीए कंपनी नंबर 5 की मौजूदगी की सूचना पर कांकेर डीआरजी और बीएसएफ का बल रवाना किया गया था. सुबह आठ बजे से मुठभेड़ शुरू हुई. 4 नक्सली मारे गए और ऑटोमेटिक वेपन बरामद हुए हैं. सुंदरराज पी ने कहा कि दोनों मुठभेड़ में कुल 30 नक्सली मारे गए हैं. मुठभेड़ चल रही है. सर्चिंग भी जारी है. नक्सलियों की शिनाख्तगी बाकी है।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में शांति और विकास की राह में बाधा बनने वालों के खिलाफ हमारी कार्रवाई जारी रहेगी. कांकेर और बीजापुर-दंतेवाड़ा की इन मुठभेड़ों में हमारे बहादुर जवानों ने जो पराक्रम दिखाया है, वह अद्वितीय है. मैं सभी जवानों के साहस को सलाम करता हूं.

विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा कि बस्तर में जवानों को शानदार सफलता मिली है. हम जवानों के शौर्य को नमन करते हैं. पूरी सरकार जवानों के साथ खड़ी है.

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दी बधाई



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है. अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है. अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है.

### केंद्रीय गृह मंत्री का संकल्प होगा पूरा : मुख्यमंत्री साय



बीजापुर और कांकेर मुठभेड़ में जवानों की सफलता पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवानों को नमन किया है. उन्होंने कहा है कि नक्सल ऑपरेशन में दो जगहों पर हमारों जवानों ने नक्सलियों पर प्रहार किया है. हम जवानों के साहस को नमन करते हैं. अब बस्तर की खूबसूरती को लोग देख पाएंगे. हमारे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का संकल्प है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद का सफाया होगा. नक्सलवाद खत्म होने से लोग बस्तर की खूबसूरती देख सकेंगे. डबल इंजन का यही तो फायदा है. विपक्ष के सवाल उठाने पर सीएम साय ने कहा कि विपक्ष हार से बौखलाया हुआ है. इसलिए वह इस तरह के सवाल उठा रहा है.

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का हुआ तबादला

**बिलासपुर-रायपुर (विसं)।** जिले में एक बार फिर बड़ी प्रशासनिक सर्जरी हुई है। यहां राज्य प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर अवनीश शरण ने तबादले का आदेश जारी किया है। इसमें कुछ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार, डॉ. ज्योति पटेल को अपर कलेक्टर, बिलासपुर के पद पर नियुक्त किया गया है। मनीष साहू को संयुक्त कलेक्टर बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं पीयूष तिवारी को डिप्टी कलेक्टर, बिलासपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिव कुमार कंवर को डिप्टी कलेक्टर पद पर पदस्थ किया गया है। इसके अलावा, उन्हें अनुविभागीय अधिकारी, तखतपुर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

### शोक सभा के दौरान बड़ी एयर स्ट्राइक, 16 लोगों की मौत, 30 से अधिक घायल

**गाजा (आरएनएस)।** गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमले में कम से कम 16 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हुए। माचार सिन्हुआ ने फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए के हवाले से बताया कि यह हमला बुधवार को बेत लाहिया के सलातीन इलाके में हमला हुआ, यहां लोगों ने पहले हुए इजरायली हमलों के पीड़ितों के लिए शोक सभा आयोजित की थी।

## अबूझमाड़ के विकास को गति देना हमारी प्राथमिकता : विष्णुदेव साय

**अबूझमाड़ के 120 बच्चों ने विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री तथा वनमंत्री से मुलाकात की**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नारायणपुर जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र अबूझमाड़ के 120 बच्चों ने आज विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा तथा वनमंत्री श्री केदार कश्यप से मुलाकात की। ये बच्चे 'स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना' के तहत राजधानी रायपुर के शैक्षणिक भ्रमण पर आए थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों से संवाद किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार अबूझमाड़ के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अबूझमाड़ वर्षों तक विकास की धारा से वंचित रहा, लेकिन हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यहां के हर गांव तक शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और संचार जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचे। उन्होंने भ्रमण पर आए बच्चों से कहा कि आपका उज्ज्वल भविष्य ही हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि अबूझमाड़ के गांवों में सड़क निर्माण, मोबाइल टावर लगाने, स्कूलों के विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 'नियद नेल्ला नार योजना' के तहत वहां तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में अबूझमाड़ सहित पूरे बस्तर क्षेत्र के विकास को लेकर व्यापक चर्चा हुई। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए ठोस कार्ययोजनाओं पर काम कर रही हैं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि अबूझमाड़ के हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, ताकि वे अपने क्षेत्र और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार आपके साथ है और हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने आश्वस्त किया कि अबूझमाड़ में बेहतर स्कूल, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

## रायपुर जिला पंचायत पर भाजपा का कब्जा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी और जिला मुख्यालय रायपुर की जिला पंचायत पर भी भाजपा का कब्जा हो गया है। गुरुवार 20 मार्च को हुए चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। जिसके मुताबिक भाजपा प्रत्याशी नवीन अग्रवाल ने कांग्रेस कांग्रेस से अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी वतन चंद्राकर को हराकर जीत हासिल कर ली है। भाजपा प्रत्याशी ने 2 वोट से जीत हासिल की है। बीजेपी को 9 तो कांग्रेस को 7 वोट मिले हैं। इस तरह नवीन अग्रवाल जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का छत्तीसगढ़ दौरा, रायपुर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी



**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 24 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कार्यक्रम प्रस्तावित है. इस दौरान राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ के विधानसभा में जाएंगी. राष्ट्रपति के प्रवास को लेकर सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे.

राष्ट्रपति के इस प्रवास में डीआईजी कमांडेंट और आईपीएस रैंक के अधिकारियों के साथ ही 500 सुरक्षा बल तैनात रहेंगे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू माना एयरपोर्ट पर आने के बाद सड़क मार्ग से विधानसभा जाएंगी. इस दौरान एयरपोर्ट से लेकर विधानसभा तक पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी. रायपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया कि 24 मार्च को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का विधानसभा में कार्यक्रम प्रस्तावित है. सभी एजेंसियों के साथ पुलिस की मीटिंग भी हो चुकी है. सुरक्षा के सभी मापदंड को लेकर विस्तार से चर्चा की गई है. रायपुर एसएसपी ने कहा कि राष्ट्रपति के प्रवास को लेकर रायपुर के माना एयरपोर्ट से लेकर विधानसभा तक सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन पर रहेगी. इसके लिए पुलिस विभाग और पुलिस मुख्यालय से सुरक्षा बलों के 500 से अधिक अधिकारी और जवान तैनात होंगे.

## छत्तीसगढ़ विधानसभा : सदन में दिव्यांगजनों की नौकरी का मुद्दा गरमाया, नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने साधा निशाना



**रायपुर (विसं)।** विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को दिव्यांगजनों की नौकरी का मुद्दा उठा। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक प्रबोध मिंज ने सरकार से पूछा कि दिव्यांगजन अधिनियम 2016 लागू होने के बावजूद अब तक उनके लिए पदों का चिन्हांकन और भर्ती क्यों नहीं हुई। इस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब दिया कि विभिन्न विभागों से अधिनियम पर अभिमत लेने की प्रक्रिया जारी है।

प्रबोध मिंज ने सरकार से सवाल किया कि 7 साल से अधिनियम लागू होने के बावजूद दिव्यांगजनों की भर्ती क्यों रुकी हुई है। उन्होंने कहा, सरकार केवल प्रक्रिया का हवाला दे रही है, लेकिन अब तक न पदों का चिन्हांकन हुआ है और न ही भर्ती शुरू हुई। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब दिया कि अब तक 24 विभागों ने अभिमत दिया है, जबकि 26 विभागों से अभी भी जवाब आना बाकी है। उन्होंने कहा कि अभिमत मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। प्रश्नकाल के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य सचिव को फटकार लगाई। उन्होंने कहा, 9 साल से सिर्फ प्रक्रिया ही चल रही है, लेकिन पद चिन्हांकित तक नहीं हो सके। विभाग को दिव्यांगजनों के संबंध में संवेदनशील होना चाहिए और जल्द से जल्द समयसीमा तय कर भर्ती प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के साथ धोखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, सरकार को 6 महीने के भीतर दिव्यांगों के लिए पदों का चिन्हांकन करना चाहिए। विधानसभा में इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई और विपक्ष ने सरकार पर दिव्यांगजनों के हक को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार जल्द से जल्द दिव्यांगजनों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी करेगी।

### पालना योजना की अनियमितता पर सदन में हुआ हंगामा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान पालना योजना की अनियमितताओं को लेकर विपक्ष ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से कड़े सवाल किए। विपक्ष ने पूछा कि यदि कोई राशि खर्च नहीं हुई, तो योजना कैसे चल रही है। इस पर विधानसभा सभापति ने हस्तक्षेप करते हुए मंत्री को पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जानकारी दी कि प्रदेश में 175 पालना केंद्र संचालित हो रहे हैं, लेकिन 25 फरवरी तक कोई राशि खर्च नहीं की गई। उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत राज्यांश नहीं मिलने के कारण वित्तीय आवंटन में देरी हुई है। इस पर विपक्षी विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई।

## EOW ने कवासी लखमा से की पूछताछ, सात बिंदुओं पर हुआ सवाल-जवाब



**रायपुर (विसं)।** आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से आज पूछताछ की। ईओडब्ल्यू के चार अधिकारी सेन्ट्रल जेल परिसर में पहुंचे हैं, जो लखमा से सात बिंदुओं पर पूछताछ की।

ईओडब्ल्यू को कोर्ट ने 19 और 20 मार्च को पूछताछ करने की इजाजत दी थी। बताया जाता है कि कवासी लखमा से पूछताछ के बाद ईओडब्ल्यू कई अन्य लोगों को पूछताछ के लिए बुला सकती है।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बीते दिनों रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचकर लखमा से मुलाकात की थी। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज, विधायक देवेंद्र यादव समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### ईडी ने 3 हजार 841 पन्ने का चालान पेश किया

दो हजार करोड़ के शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने 13 मार्च को रायपुर के स्पेशल कोर्ट में 3 हजार 841 पन्नों का चालान दाखिल किया है। इसमें जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा सहित 21 लोगों को आरोपियों के नाम हैं। इस केस में अब अगली सुनवाई 22 मार्च को होगी।

## महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में रायपुर नगर निगम की नवनियुक्त एमआईसी की प्रथम बैठक सम्पन्न

**प्रतिबंधित पॉलीथीन पर कारगर व्यवहारिक रोक लगाने लगातार अभियान चलाने का दिया सुझाव**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज नगर पालिक निगम रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में नवनियुक्त एमआईसी की प्रथम बैठक हुई जिसमें नगर निगम आयुक्त विश्वदीप नवनियुक्त एमआईसी सदस्यों सर्व मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, संतोष कुमार साहू, भोला राम साहू, अवतार भारती बागल, महेन्द्र खोडियार, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, खेम कुमार सेन, गायत्री सुनील चंद्राकर, सरिता आकाश दुबे, सुमन अशोक पाण्डेय, डॉ. अनामिका सिंह, संजना हियाल सहित अपर आयुक्त सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, पंकज के शर्मा, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव, उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरगणों, कार्यपालन अभियंताओं, सभी विभागों के प्रभारियों की उपस्थिति रही।

### एमआईसी ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान की अनुशंसा कर सामान्य सभा में विचारार्थ भेजने के दिये निर्देश

रायपुर नगर निगम की नवनियुक्त एमआईसी की प्रथम बैठक में नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में निगम वित्त लेखा और अंकेक्षण विभाग के प्रस्ताव अनुसार आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान एवं वित्त वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित बजट पर विचारोपरांत सर्वसम्मति से बजट अनुमान की अनुषंसा एमआईसी द्वारा करते हुए नियमानुसार निगम सामान्य सभा की बैठक में विचारार्थ रखे जाने के निर्देष दिये है।

एमआईसी ने वित्त लेखा एवं अंकेक्षण विभाग के विभागीय प्रस्ताव अनुसार नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राशि रू. 225.71 करोड के म्युनिसिपल बांड जारी किये जाने की अनुमति के संबंध में प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए आवष्यक निर्देष प्रथम बैठक में दिये है।

एमआईसी ने लोककर्म विभाग के विभागीय प्रस्ताव अनुसार नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित 70 वार्डो हेतु वार्ड एक्षन प्लान बनाने के लिये अर्बन प्लानिंग कंसल्टेंट नियुक्त करने आरएफटी की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये है।

महापौर मीनल चौबे ने राजधानी शहर रायपुर में समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से प्रतिबंधित पॉलीथीन पर कार्यवाही एवं व्यवहारिक तौर पर प्रभावी रोक एवं नियंत्रण लगाये जाने, नगर निगम रायपुर क्षेत्र में लगातार अभियान चलाकर जनजागरूकता लाने एवं नागरिको को दैनिक जीवन में प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग बंद कर उसके स्थान पर कपड़े जुट, कांच से बने बर्तनों, सामग्रियों का दैनिक उपयोग विकल्प के रूप में पर्यावरण सुरक्षा में सहभागी बनने अधिक से अधिक करने प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जोन को मिला 'ईट राईट स्टेशन' का एक और सर्टिफिकेट

**SECR में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और गोंदिया को मिला है ईट राईट स्टेशन सर्टिफिकेट**

### गोंदिया स्टेशन को भी मिला है ईट राईट स्टेशन सर्टिफिकेट



**बिलासपुर (पीआईबी)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशनों को ईट राईट स्टेशन से प्रमाणित किया गया है। इसी श्रेणी में अब गोंदिया रेलवे स्टेशन भी सम्मिलित हो चुका है। इसके पहले बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग को नवम्बर, 2024 में ये सर्टिफिकेट मिल चुका है। यह उपलब्धि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग और परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के बीच सहयोगात्मक प्रयास का परिणाम है। ईट राईट स्टेशन प्रमाणन अपने संरक्षकों के लिए खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के प्रति गोंदिया रेलवे स्टेशन के समर्पण का एक प्रमाण है। इस पहल के क्रियान्वयन की निगरानी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की गयी है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**यह खुबियां पायी गयी-** खाद्य लाईसेंस अनुपालन-गोंदिया रेलवे स्टेशन के सभी खाद्य स्टॉलों ने अपेक्षित खाद्य लाईसेंस प्राप्त कर लिया है। यह गारंटी देते हुए कि विक्रेता खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के उच्चतम मानकों को पूरा करते है।

**विक्रेता स्वास्थ्य आश्वासन-** प्रत्येक विक्रेता को भोजन विक्रय करने के लिए अपनी चिकित्सीय स्वास्थ्य को सत्यापित करने के लिए एक व्यापक चिकित्सा परीक्षण से गुजरना पड़ा है।

**प्रशिक्षण-** सभी विक्रेताओं को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता में व्यापक प्रशिक्षण (FoSTaC Training) प्राप्त हुआ है।

**ऑडिट-** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के द्वारा मान्यता प्राप्त ऑडिट संस्था द्वारा गोंदिया स्टेशन को ऑडिट के चरणों से गुजरकर ईट राईट स्टेशन (Eat Right Station) से प्रमाणित हुआ है।

**जल शुद्धता-** भोजन तैयार करने में उपयोग किये जाने वाले पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय चिकित्सालय में स्थित (NABL) लैब में जीवाणु एवं रसायनिक जल विश्लेषण किया जाता है।

इस प्रयास में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा यह उपलब्धि प्राप्त करने के लिए उपरोक्त सभी मापदंडों की पूर्ति की गयी। इस सभी उपक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक महोदय एवं प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक महोदय का सुयोग्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR) रेल यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाला खानपान उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास करता है। इसके तहत रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में स्वच्छ, पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान करने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आज एमआइसी के सदस्य और अधिकारी ने विभागवार बजट पर चर्चा किया गया



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम ।महापौर परिषद की बजट बैठक आज महापौर श्रीमती अलका बाघमार की अध्यक्षता में बुलाई गई ।नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा व महापौर परिषद के समस्त एमआईसी नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चन्द्राकर, श्रीमती लीना दिनेश देवांगन, चंद्रशेखर चन्द्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, श्रीमती शशि साहू, श्रीमती हर्षिका संभव जैन, शिव नायक, लीलाधर पाल की उपस्थिति में बजट विचारार्थ प्रस्तुत किया। 20 मार्च को दोपहर 2, 30 बजे सदस्यों द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं निगम सचिव रेवाराम मनु की उपस्थिति में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा की गई। उसके बाद बजट को सामान्य सभा में रखा जाएगा। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य सहित निगम उपयुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, कार्यपालन अभियंता वीपी मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आरके जैन, सहायक अभियंता गिरीश दिवान, बाजार अधिकारी संजय ठाकुर, सहायक अभियंता राजेन्द्र ढाबाले, लेखाधिकारी रमाकांत शर्मा, राजस्व अधिकारी आरके बोरकर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधीक्षक शैएब अहमद एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मैहर मेला चैत्र नवरात्रि के अवसर पर दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु गाडियों का अस्थायी ठहराव सुविधा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश के मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला का आयोजन दिनांक 03 मार्च से 12 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव की सुविधा प्रदान की जा रही है। गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव 2 से 11 अप्रैल तक मैहर स्टेशन में दिया गया है। गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा -दुर्ग एक्सप्रेस का ठहराव 30 मार्च से 11 अप्रैल तक मैहर स्टेशन में दिया गया है। जो इस प्रकार है- अस्थायी ठहराव की सुविधा-

निम्न गाडियां का मैहर स्टेशन में अस्थायी ठहराव दिया जा रहा हैं जो निम्नानुसार है :-

| गाड़ी नं. एवं नाम | मैहर में | | ठहराव की तिथि |
|---|---|---|---|
| 18201 दुर्ग-नौतनवा (नौतनवा द्वि साप्ताहिक एक्स.) | 05.35 | 05.40 | दिनांक 02 से 11 अप्रैल, 2025 |
| 18202 नौतनवा-दुर्ग (नौतनवा द्वि साप्ताहिक एक्स.) | 01.55 | 02.00 | दिनांक 30 मार्च से 11 अप्रैल, 2025 |

### वास्कोडिगामा-जसीडीह जंक्शन-वास्कोडिगामा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परवर्तित कर सिकंदराबाद स्टेशन के स्थान पर चर्लपल्ली स्टेशन होकर चलेगी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों के मद्देनज़र एवं भीड़ -भाड़ को कम करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 17321/17322 वास्कोडिगामा-जसीडीह जंक्शन-वास्कोडिगामा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परवर्तित कर सिकंदराबाद स्टेशन के स्थान पर चर्लपल्ली होते हुए चलेगी। दिनांक 09 मई, 2025 को वास्कोडिगामा चलने वाली 17321वास्कोडिगामा-जसीडीह साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन एवं दिनांक 15 मई, 2025 को जसीडीह से चलने वाली 17322 जसीडीह-वास्कोडिगामा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन चर्लपल्ली रेलवे स्टेशन होकर रवाना होगी। इस गाड़ी विस्तृत विवरण इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 17321 वास्कोडिगामा-जसीडीह साप्ताहिक एक्सप्रेस वास्कोडिगामा से 04.30 बजे रवाना होकर चर्लपल्ली आगमन 23.30 बजे एवं प्रस्थान 23.40 बजे अपने गंतव्य जसीडीह जंक्शन 07.10 बजे पहुँचेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा से गाड़ी संख्या 17322 जसीडीह जंक्शन-वास्कोडिगामा साप्ताहिक एक्सप्रेस जसीडीह जंक्शन से 13.10 बजे रवाना होकर चर्लपल्ली आगमन 18.15 बजे एवं प्रस्थान 18.25 बजे अपने गंतव्य वास्कोडिगामा 14.55 बजे पहुँचेगी।

## ऐतिहासिक भोरमदेव महोत्सव को बेहतर तथा आकर्षक बनाने के लिए समिति और जिले के नागरिकों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गणमान्य नागरिक, मंदिर समिति, जनप्रतिनिधि और मीडिया के साथियों के साथ बैठक की**

**ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्व के विश्व प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल भोरमदेव मंदिर में महोत्सव का आयोजन 26 और 27 मार्च को**




**कवर्धा (विश्व परिवार)।** ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्व के विश्व प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल भोरमदेव मंदिर में इस वर्ष दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का आयोजन 26 और 27 मार्च को किया जाएगा। भोरमदेव महोत्सव के भव्य आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा द्वारा जिले के गणमान्य नागरिक, मंदिर समिति जनप्रतिनिधि और मीडिया के साथियों की बैठक आज कलेक्ट्रोरेट सभा कक्ष में आयोजित की। बैठक में ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्व के विश्व प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल भोरमदेव मंदिर के नाम पर होने वाले ऐतिहासिक भोरमदेव महोत्सव को इस बार और बेहतर तथा आकर्षक बनाने के लिए समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। भोरमदेव मंदिर की गरिमा को बढ़ाने के साथ-साथ ऐतिहासिक स्मारक मड़वा महल तथा छेरकी महल को भी आकर्षक ढंग से सजाने तथा इन दोनों से किसी एक स्थान पर मंच बनाकर स्थानीय कलाकारों को स्थान देने के लिए आवश्यक चर्चा भी की गई।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भोरमदेव महोत्सव छत्तीसगढ़ के साथ-साथ कबीरधाम जिले की पहचान है। हर साल की तरह इस वर्ष भी जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, आम जनता के सक्रिय सहयोग एवं भागीदारी से भोरमदेव महोत्सव का प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, आम नागरिकों से भोरमदेव महोत्सव को सफल बनाने एकजुट होकर सक्रिय भागीदारी तय करने कहा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित क्षेत्र के जिला, जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत चौरा के सरपंच बोड़ला क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, मीडिया के साथियों ने आवश्यक सुझाव भी दिए।

बैठक में उपस्थित नागरिकों ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव की ख्याति दिन-प्रतिदिन पूरे देश में बढ़ रही है। भोरमदेव महोत्सव को राष्ट्रीय पहचान देने में आयोजन समिति एवं जिलेवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस परंपरा को बरकरार रखते हुए स्थानीय लोगों की पसंद के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रमों को पर्याप्त स्थान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय कलाकारों तथा अन्य राज्यों से आए सभी कलाकारों के साथ समान महत्व तथा दोनों कलाकारों को कलाप्रदर्शन के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। इस दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने आवागमन को विशेष ध्यान में रखते हुए दुकान का आबंटन, तेरस की तिथि को बैगा आदिवासियों का कार्यक्रम, सड़कों में लाइट व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सोशल मीडिया में इन्फुलेंसर द्वारा प्रमोट, वाईफाई फ्रीक्वेंसी बढ़ाने, बैठक सहित अन्य व्यवस्था के सम्बन्ध में अपने सुझाव दिए।

## मैदानी अमलों के साथ बेहतर समन्वय कर ग्रामीण विकास कार्यों में लाएं तेजी : कलेक्टर




**कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के काम-काज की समीक्षा**

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष मे आयोजित बैठक मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों मे विकास कार्यो पर जोर देते हुए फिल्ड लेवल के कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यो को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता आर.आर. महिलांगे भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों क्षेत्रों मे विकास कार्य मे प्रगति लाने के लिए वर्तमान समय अनुकूल है जो बारिश के पूर्व तक लगभग साढ़े तीन माह का है। इस अवधि मे सभी अपूर्ण निर्माण कार्यो को पूरा करने का भरसक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भी बेहतर ताल मेल हो। नए पदाधिकारियों को पंचायत राज व्यवस्था, नियमों एवं कार्य की प्रकृति से अवगत कराएं। नियमो का पालन करते हुए कार्य करें तथा मितव्ययिता का भी ध्यान रखें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत, अस्वीकृत, पूर्ण एवं अपूर्ण आवासों की समीक्षा करते हुए कहा कि अब तक 39803 आवास स्वीकृत हुये हैं, स्वीकृति के लिए शेष आवास को पात्र हितग्राहियों को शीघ्र स्वीकृत करे। आवास स्वीकृति मे नियमों का पूर्ण रूप से पालन करे ताकि केवल पात्र हितग्राही लाभान्वित हो। उन्होंने आवास निर्माण मे तेजी लाने के लिए पीओ मनरेगा एवं तकनीकी सहायकों को निरंतर मॉनिटरिंग करने एवं जरुरी तकनीकी मार्गदर्शन देने तथा आरईएस के सब इंजिनीयरों को गुणवत्ता रिपोर्ट देने के निर्देश दिये।

## विधायक व महापौर के मौजूदगी में सभापति श्याम शर्मा ने निगम मुख्यालय सभापति कक्ष में शंख ध्वनि वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजा-अर्चना की

**विधायक गजेंद्र यादव व महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा को बुके, प्रदत्त करते हुए हार्दिक दी शुभकामनाएं**



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** आज नगर पालिक निगम दुर्ग के नवनिर्वाचित सभापति श्याम शर्मा ने नगर निगम मुख्यालय में सभापति कार्यालयीन कक्ष में मुख्यातिथि विधायक गजेंद्र यादव, महापौर श्रीमती अलका बाघमार व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की मौजूदगी में पंडित द्वारा किये गये वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंख ध्वनि के मध्य पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर निगम सभापति श्याम शर्मा को विधायक गजेंद्र यादव, महापौर श्रीमती अलका बाघमार, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने सभापति के कक्ष का फीता काटकर कुर्सी पर विराजमान कर उन्हें उनके सभापति कार्यकाल की बधाई दी।सभी नवनियुक्त एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, श्रीमती लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, चंद्रशेखर चन्द्राकर, मनीष साहू, काशीराम कोसरे, श्रीमती हर्षिका संभव जैन, श्रीमती शशि साहू, शिव नायक, लीलाधर पाल, पार्षद सुरिचि उमरे, सावित्री देवी दमाहे, गुलशन साहू, कूलेश्वर साहू, रेशमा सोनकर, ललिता ठाकुर, सरिता चंद्रकार, कमल देवांगन, लोकेश्वरी ठाकुर, हिरोंडी चंदनिया, सविता साहू, मनीष कोठारी, सविता साहू, गुलाबचंद शर्मा, अब्दुल खालिद, युराज कुंजाम, मनोज सोनी, गोविंद देवांगन, मनीषा सोनी, निरा खिचरिया, अरुण सिंह, गुड्डू यादव, मनमोहन शर्मा सहित निगम अधिकारियों, कर्मचारियों, वरिष्ठ नेतागण, गणमान्यजनों, सामाजिक एवं भाजपा संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों ने बुके, प्रदत्त करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व, सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी का क्षण है। शहर के विकास और जनता की सेवा के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। सभी के साथ मिलकर शहर को और भी स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाएंगे।

## आरंग विधायक एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा गुरु खुशवंत साहेब जी के प्रयासों से क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

**4.82 करोड़ रुपए की लागत से भोथली-नहरपारा-फरफौद सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति**

**सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगा विकास और आर्थिक मजबूती**

**जनता ने दिया 'विकास पुरुष' का नया सम्मान, गुरु खुशवंत साहेब जी ने जताया आभार**



**आरंग (विश्व परिवार)।** आरंग विधानसभा के विकास को एक नई दिशा प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्राम पंचायत भोथली से नहरपारा होते हुए फरफौद तक सड़क निर्माण कार्य को बजट में शामिल किया है। इस कार्य के लिए 4.82 करोड़ रुपए (चार करोड़ बयासी लाख रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह महत्वपूर्ण परियोजना आरंग विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण (कैबिनेट मंत्री दर्जा) गुरु खुशवंत साहेब जी के सतत प्रयासों एवं दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव सांय जी, लोक निर्माण मंत्री एवँ उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

गुरु खुशवंत साहेब जी ने कहा- आरंग विधानसभा के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मैं निरंतर प्रयासरत हूँ। इस सड़क निर्माण से ग्रामीण जनता को सुगम परिवहन सुविधा मिलेगी, व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और जीवन स्तर में सुधार आएगा। यह सड़क हजारों लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही है, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। मैं प्रदेश सरकार का धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने जनता की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को प्राथमिकता दी और इसे बजट में शामिल कर स्वीकृति प्रदान की।

गुरु खुशवंत साहेब जी ने आश्वस्त किया कि वे भविष्य में भी आरंग विधानसभा के चहुंमुखी विकास हेतु सतत प्रयासरत रहेंगे और क्षेत्र की जनता को हर संभव सुविधा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उनके प्रयासों से विधानसभा में लगातार सड़क, जल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

**गुरु खुशवंत साहेब जी को 卐विकास पुरुष卐 कहकर कर रहे हैं सम्मानित**- आरंग विधानसभा के ऐतिहासिक विकास कार्यों को देखते हुए क्षेत्र की जनता अब गुरु खुशवंत साहेब जी को विकास पुरुष के नाम से संबोधित कर रही है। उनके नेतृत्व में विधानसभा में कई महत्वपूर्ण योजनाएं पूरी की जा रही हैं और आने वाले समय में और भी बड़े कार्य पूरे किए जाएंगे।

## महापौर परिषद के समक्ष आगामी बजट पर की गई विस्तृत चर्चा




**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा महापौर परिषद के सभी सदस्यों के समक्ष बिन्दुवार बजट पर चर्चा की गई। एक-एक करके पूर्व वर्ष 2024-25 में अनुमानित बजट कितना रखा गया था, उस पर कितना व्यय हुआ, कितना शेष है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानतः कितना बजट रखा जाए। जिससे शहर का सर्वागीण विकास हो, लोक हित के कार्य किये जाए।

महापौर पाल ने अपने विचार रखते हुए बताया कि इस वर्ष का बजट का अनुमान इस प्रकार का हो जो वास्तविकता पर आधारित हो। सभी बिन्दुओ पर महापौर परिषद के सदस्यगण विचार कर लेवें, उन्हे लगता है कि क्षेत्र के विकास के लिए और कुछ भी जनकल्याणकारी कार्य जोड़ा जा सकता है। उसे भी दिनांक 22 मार्च को समय 4:30 बजे तक महापौर के समक्ष प्रस्तुत कर दें, उस पर भी विचार किया जाएगा। हम सब का उददेश्य है कि भिलाई शहर का चैमुखी विकास हो। आयुक्त पाण्डेय एवं सभी सदस्यगण इस बात पर सहमत थे कि हमे निगम क्षेत्र के सर्वप्रथम आय बढ़ाना होगा। ऐसी योजना लाई जाये जिससे भिलाई निगम का आय बढ़े। जब आय बढेगा उसी के अनुरूप जन उपयोगी कार्य भी संपादित होगें। जैसे- अच्छी सड़के, पेयजल, साफ-सफाई, उद्यानों एवं तालाबों का सौंदर्यीकरण, पार्किंग व्यवस्था, यातायाता के सुगम साधन आदि किया जा सके।

## वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजन के लिए भारतीय रेलवे में निचली बर्थ आवंटन की विशेष व्यवस्था

**वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं और गर्भवती महिलाओं के लिए निचली बर्थ आरक्षित**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि भारतीय रेलवे वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजन को निचली बर्थ उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों और गर्भवती महिलाओं को, यदि सीट उपलब्ध हो, तो स्वचालित रूप से निचली बर्थ आवंटित की जाती है, भले ही उन्होंने बुकिंग के समय कोई विशेष विकल्प न चुना हो।

स्लीपर क्लास में प्रत्येक कोच में 6 से 7 निचली बर्थ का विशेष कोटा। एयर-कंडीशंड 3 टियर (3एसी) में प्रत्येक कोच में 4 से 5 निचली बर्थ। एयर-कंडीशंड 2 टियर (2एसी) में प्रत्येक कोच में 3 से 4 निचली बर्थ।

यह सुविधा ट्रेन में कोचों की संख्या के अनुसार उपलब्ध कराई जाती है, जिससे यात्रियों को अधिकतम सुविधा दी जा सके।

**दिव्यांगजन के लिए आरक्षण कोटा**- स्लीपर क्लास में 4 बर्थ (जिसमें 2 निचली बर्थ शामिल)। 3एसी /3एसी इकॉनामी क्लास में 4 बर्थ (जिसमें 2 निचली बर्थ शामिल)। आरक्षित द्वितीय सीटिंग या एयर-कंडीशंड चेयर कार में 4 सीटें।

यात्रा के दौरान यदि निचली बर्थ खाली रह जाती हैं, तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन और गर्भवती महिलाओं को आवंटित किया जाता है, जिन्हें पहले मध्य या ऊपरी बर्थ दी गई हो।

भारतीय रेलवे यात्रियों को सुविधाजनक और सहज यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए इन समावेशी उपायों के प्रति प्रतिबद्ध है। यात्रियों को इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे वे सुरक्षित और आरामदायक यात्रा कर सकें।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत खम्हारडीह, रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-69, ब्लॉक नं-03, (छटवा-तल), श्री सपन चन्द्राकर पिता स्व. कमल नारायण चन्द्राकर,** को इस कार्यालय के आबंटन **आदेश क्रमांक 5936 दिनांक 08.10.2010** के द्वारा एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट के मद में सम्पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट कि सेलडीड **दि. 10.12.2010** को पंजीकृत करने उपरांत इस कार्यालय के पत्र **क्रमांक 1032 दिनांक 11.02.2011** फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है।

मूलआबंटी **श्री सपन चन्द्राकर पिता स्व. कमल नारायण चन्द्राकर, की मृत्यु दिनांक 31.07.2017** को हो जाने के कारण उनकी **धर्मपत्नि (नामजदगी) श्रीमती शिल्पा चन्द्राकर पति स्व. सपन चन्द्राकर, निवासी: फ्लैट नं-703, ब्लॉक नं-ए1, हाई पार्क नियर अशोका रतन, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा आवेदन पत्र, रजिस्ट्री की छायाप्रति, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त फ्लैट को आबंटी **श्री सपन चन्द्राकर पिता स्व. कमल नारायण चन्द्राकर,** की मृत्यु होने के उपरांत प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उनकी **धर्मपत्नि (नामजदगी) श्रीमती शिल्पा चन्द्राकर पति स्व. सपन चन्द्राकर,** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः उक्त फ्लैट के नामांतरण के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी **वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर** में निर्मित **EWS** - योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **EWS - 674 श्रीमती श्रीमती श्यामा देवी पति श्री पवन भारद्वाज** को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय / एकमुश्त / ऑफर आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा **दिनांक 15/10/2009** को लीजडीड / सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्री अखिलेश चौहान पिता श्री - राम बडाई** के पक्ष में **दिनांक 22/06/2015** को विक्रय कर दिया ।

तद्धपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन /भूखण्ड क्रेता **श्री अखिलेश चौहान पिता श्री राम बडाई** नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /19174/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 19-03-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19174
वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568B01577** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUBHADRA NISHAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT.INDULAL NISHAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KULDEEP SINGH THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMADHAR SINGH THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 871 दिनांक 20.03.2025
वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड
वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **36** मांग **पंजी क्र. 259 युआईडी 29707** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **इमिरीता देवी / चंद्रदेव यादव** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1. देवेन्द्र कुमार यादव / चन्द्रदेव यादव 2. मलेन्द्र कुमार यादव / चंद्रदेव यादव** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 872 दिनांक 20.03.2025
वार्ड का नाम- डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड
वार्ड क्र. 29 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **29** मांग **पंजी क्र. 65 युआईडी 26502** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **भूरीबाई शाहजादी / अय्युब खान** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **अय्युब खान / युशुफ खान** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 873 दिनांक 20.03.2025
वार्ड का नाम- मो. अब्दुल रउफ वार्ड
वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **28** मांग **पंजी क्र. 840 युआईडी 38217** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **मो. नुरूद्दीन सिद्दीकी / मो. कमरूद्दीन सिद्धिकी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **बदिरूद्दीन /मुक्तार हुसेन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्र.:** एसएनटी-आर-2025-06 दिनांक.13.03.2025 **कार्य का नाम:** निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्य का निष्पादन: **(1)** बिलासपुर-दुर्ग: बिलासपुर - दुर्ग CTR (S) 13.393-Tkm व रायपुर-लखोली-CTR (S) - 18.659 Tkm, **(2)** बिलासपुर-दुर्ग - TTR (CMSC) - 37 सेट्स, TTR (TWS) - 21 सेट्स और TTR (CS) - 41 सेट्स, **(3)** मानव युक्त लेवल क्रॉसिंग नंबर के बदले किमी 734/33-735/35ए पर RUB (FHS) का निर्माण। 373 (बेल्हा यार्ड) हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन में बेल्हा-दगोरी सेक्शन के बीच किमी 734/25-27 पर लागत साझाकरण के आधार पर, **(4)** रायपुर डिवीजन के MNDH-LAE स्टेशन के बीच किमी 27/1-2 पर नियंत्रण रेखा संख्या RV-20 के स्थान पर RUB का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,98,13,763.81, ईएमडी: ₹ 2,49,100.00, **कार्य पूर्णता की अवधि:** 12 (बारह) माह। बिडर्स अपना मूल / संशोधित बिड्स केवल **11.04.2025 को 15.00** बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। मैनुअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नही होंगे। विस्तृत विवरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता,
द.पू.मध्य रेल्वे, रायपुर**
PR/R/S&T/MS/268
South East Central Railway @secrail

www.vishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@yahoo.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर शुक्रवार 21 मार्च 2025



# भाजपा सभापति पद के उम्मीदवार की कैसे हुई हार, जांच टीम ने किया मंथन

## पार्षदों के अलग-अलग दावे का निचोड़



**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय चुनाव में अलग-अलग वार्डों से भाजपा के टिकट पर 45 पार्षद चुनाव जीते। इसके बाद भी पार्टी नगर निगम में अपना सभापति नहीं बना सकी। इसके क्या कारण है इससे जानने के लिए भाजपा की तीन सदस्यीय कमेटी रायपुर से कोरबा पहुंची। कमेटी के सदस्यों ने जिला स्तरीय कोर कमेटी और पार्षदों के साथ लगभग पांच घंटे तक बंद कमरे में चर्चा की। यह जानने का प्रयास किया कि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की हार के लिए कौन जिम्मेदार रहा? पांच घंटे तक इस विषय पर मंथन हुआ लेकिन हार के लिए जिम्मेदार नेताओं का नाम सामने नहीं आया, बल्कि पार्षदों की ओर से बताया गया कि उन्होंने हितानंद अग्रवाल के पक्ष में ही वोट किया है। एक-दो पार्षदों ने यह बताने का प्रयास किया कि अधिकृत प्रत्याशी की हार के लिए भ्रम की स्थिति जिम्मेदार रही। बात यहां तक पहुंच गई कि जांच टीम में शामिल भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को यह कहना पड़ा कि दीवारें भी बोलती हैं और साजिश हुई है इससे इनकार नहीं किया जा सकता। सभापति पद के लिए पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल की हार के बाद भाजपा में अंदरूनी कलह मचा हुआ है। इसकी गूंज कोरबा के अलावा राजधानी रायपुर में भी सुनाई दे रही है। पार्टी के प्रत्याशी की हार क्यों हुई इसे जानने के लिए भाजपा ने तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरशंकर अग्रवाल, अकलतरा क्षेत्र से भाजपा नेता रजनीश सिंह और जगदलपुर क्षेत्र से भाजपा के पदाधिकारी श्रीनवास को शामिल किया गया है। मंगलवार को तीन सदस्यीय टीम कोरबा पहुंची। दोपहर लगभग 2.30 से 2.45 बजे के बीच टीम के सदस्य ट्रांसपोर्ट नगर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंची। टीम के सदस्यों ने पार्टी कार्यालय परिसर स्थित पुस्तकालय कक्ष में जिला कोर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इस बैठक में कोर कमेटी के 14 सदस्य शामिल हुए। इसमें महापौर संजू देवी राजपूत, जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर, विकास महतो, जोगेश लांबा, संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, गोपाल मोदी, डॉ. पवन सिंह, अशोक चावलानी, ज्योतिनंद दुबे और हितानंद अग्रवाल शामिल थे। कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने पार्टी प्रत्याशी के हार के लिए बंद कमरे में चर्चा की। इसके बाद पार्टी ने पार्षदों के साथ बातचीत किया। बातचीत के दौरान दर्री क्षेत्र से एक महिला पार्षद ने कहा कि इस बार सभापति का पद हसदेव नदी के उस पार रहने वाले लोगों को दिया जाना था लेकिन पार्टी ने ऐसा नहीं किया। ढोढ़ीपारा क्षेत्र से पार्टी के नेता ने कहा कि चूंकि महापौर का पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित था लिहाजा सभापति ओबीसी वर्ग से होना चाहिए था। कुछ अन्य पार्षदों ने भी सभापति पद को लेकर अपना राय दिया लेकिन किसी ने यह नहीं कहा कि उन्होंने हितानंद को वोट नहीं किया। सभी ने कहा कि उन्होंने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को वोट दिया था। देर रात लगभग पौने आठ बजे पार्टी की बैठक खत्म हो गई।

# सूरजपुर पुलिस ने 8 वर्षो से फरार बसोर गैंग के 1 कुख्यात आरोपी को मध्यप्रदेश से पकड़ा

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- चांदनी पुलिस के ने 8 वर्षो से फरार बसोर गैंग के एक कुख्यात आरोपी को मध्यप्रदेश में दबिश देकर पकड़ा है। बीते 13 सितंबर 2018 के रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा ग्राम बिहारपुर निवासी राजेन्द्र सिंह के मकान का दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर सोना चांदी के जेवर व नगदी रकम 60 हजार रूपये की चोरी कर लिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 51/2018 धारा 457, 380, 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था और मामले की विवेचना के दौरान पूर्व में बसोर गैंग के 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया गया था वहीं मामले में 1 आरोपी पिंटू बसोर फरार था जिसकी पतासाजी थाना चांदनी पुलिस व साईबर सेल के द्वारा की जा रही थी। इसी बीच जानकारी मिली कि फरार आरोपी सिंगरौली मध्यप्रदेश में है जिसके बाद डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने फरार आरोपी को पकड़ने थाना चांदनी की पुलिस टीम गठित कर दिगर राज्य मध्यप्रदेश के लिए रवाना किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम के द्वारा थाना बरगवां जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश आरोपी के सकुनत पहुंची जहां उसके परिजनों के द्वारा पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया किन्तु पुलिस टीम ने सूझबूझ का परिचय देते हुए 8 वर्षो से फरार कुख्यात बसोर गैंग के आरोपी



पिंटू बसोर उर्फ रामदुलारे पिता किरथ बसोर उम्र 27 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ पर उसने अपराध कबूल किया जिसे विधिवत् गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी काफी शातीर और कुख्यात है उसके विरूद्ध कोतवाली बैढ़न जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश में हथियार के साथ डकैती की तैयारी करने की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध है साथ ही स्थाई वारंटी भी है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चांदनी रूपेश कुंतल, एएसआई सुप्रियन टोप्पो, प्रधान आरक्षक इसित बेहरा, मनोज वर्मा, आरक्षक कुलदीप तिग्गा, मोतीलाल सक्रिय रहे।

# कोरबा जिले में शिल्प, वास्तु और पुरातत्व का अपना अच्छा इतिहास रहा : जायसवाल

## प्राचीन शिल्प के अध्ययन और संरक्षण की जरूरत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** वर्तमान कोरबा जिले और प्राचीन कल्चुरी राजकाज वाले क्षेत्र में अनेक स्थानों पर पुरा संपदा का अपना इतिहास रहा है। शिल्पकला और राजप्रासाद के अवशेष बताते हैं कि अतीत में यह सब कितना समृद्ध रहा होगा। इसी पर अध्ययन और संरक्षण को लेकर काम की जरूरत है। कल्चुरी समाज के संयोजक सह अध्यक्ष कौन्तेय जायसवाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोयला और अन्य खनिज के मामले में समृद्ध कोरबा जिले में शिल्प, वास्तु और पुरातत्व का अपना एक अच्छा इतिहास रहा है। तुमान क्षेत्र में इसके काफी उदाहरण हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कलचुरी राजवंश इतिहास एवं पुरातत्व शोध समिति कोरबा छतीसगढ़ द्वारा ग्राम तुमान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करने जा रहा है। संगोष्ठी में राज्य सरकार में केबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन को लेकर पदाधिकारियों ने बताया कि भारतवर्ष के अन्य राज्यों से कल्चुरी जायसवाल कलार समाज के लोग एकत्रित होकर छत्तीसगढ़ में कल्चुरी शासन काल की धरोहर को लेकर बौद्धिक परिचर्चा करेंगे जहां देश के प्रख्यात विश्वविद्यालय से आये पुरातत्व के प्रोफेसर कल्चुरी सम्राज्य व उनकी धरोहर को संरक्षित रखने से लेकर आज की युवा पीढ़ी को कल्चुरी राजवंश के विषय पर विस्तृत जानकारी देंगे। 22 व 23 मार्च को ग्राम तुमान में होने वाली कल्चुरी जायसवाल समाज की राष्ट्रीय संगोष्ठी को लेकर कटघोरा के अग्रसेन भवन में प्रेसवार्ता रखी जहां कल्चुरी समाज के संयोजक सह अध्यक्ष कौन्तेय जायसवाल ने कार्यक्रम के विषय मे जानकारी दी।

# रामानुजनगर पुलिस ने वर्षो से फरार 2 स्थाई वारंटी को धर दबोचे



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-अपराधों की रोकथाम के लिए डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने पूर्व में थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक में कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि स्थाई वारंट तामीली में लापरवाही नहीं होनी चाहिए, वारंटी वर्तमान में कहां उसकी जानकारी निकाले, अब तक स्थाई वारंट की तामीली क्यों नहीं की गई उसकी अद्यतन स्थिति से बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तामीली में लापरवाही बरतने वाले प्रभारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। स्थाई वारंट तामीली के लिए थाना-चौकी प्रभारी स्वयं भी जाए, पुलिस अधिकारी व जवानों को तामीली के लिए भेजने से पहले उन्हें ब्रीफ करें और उन्हें हिदायत दें कि अपने पूर्ण अनुभव का इस्तेमाल करते हुए वारंट को तामील करें। निर्देश के परिपालन में थाना रामानुजनगर पुलिस ने वर्षो से फरार चल रहे गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी व मारपीट की धाराओं में फरार स्थाई वारंटी हरिचरन अगरिया निवासी ग्राम परशुरामपुर एवं बलराम यादव ग्राम मदनेश्वरपुर को दबिश देकर पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों वारंटियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

# कुड़े से मिला स्वयं सहायता समूहों को रोजगार



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** -स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अभिसरण से बने सेग्रीगेशन शेड ने सूरजपुर जिले के जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम तेलगांव जहां पहले कचरे का ढेर हुआ करता था। जिसे वहा के स्वच्छता दीदियों के द्वारा कचरे का निस्तारण कर गांव की सड़कों एवं गलियों और चौंक-चौराहों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। खुले में शौचमुक्त गांव बनने के वाद अब तेलगांव प्लास्टिक एवं कूड़ा-करकट मुक्त ग्राम पंचायत भी बन गया है। सड़कों एवं गलियों और चौक-चौराहों पर फेंके जाने वाले कचरे को वहां की स्वं सहायता समूह की महिलाओं ने अतिरिक्त कमाई का जरिया बनाया है। पिछले एक साल समूह के द्वारा कचरे के निस्तारण किया जा रहा है।कचरा संग्रहण तथा उसे अलग-अलग कर निस्तारित करने का काम इन महिलाओं के लिए सहज-सरल नहीं था। शुरुआत में जब वे रिक्शा लेकर कचरा संकलन के लिए घर-घर जाती थीं तो लोग उन्हें ऐसे देखते थे जैसे वह कोई खराब काम कर रही हो कचरा देने से ग्रामीण मना किया करते थे। धीरे-धीरे समूह की महिलाओं का मनोबल स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा स्वच्छता दीदी को स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य हेतु प्रोत्साहित किया गया उनके मनोबल को कमजोर होने नहीं दिया। लोगों की हिकारत भरी नजरों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और ग्राम पंचायत के सहयोग से इस काम को जारी रखा। इनके काम से गांव लगातार साफ-सुथरा होते गये, तब लोगों का नजरिया भी बदलने लगा। अब गांव वाले इन्हें सम्मान के साथ स्वच्छता दीदी कहकर पुकारते हैं।

तेलगांव के कुबेर महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सफाई मित्र के रूप में घर-घर जाकर कचरा संकलित करती हैं। सेग्रीगेशन शेड यानी ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र में वे संकलित कचरा में से उनकी प्रकृति के हिसाब से उन्हें अलग-अलग करती हैं। और कचरे को बेचकर आय का साधन बना रही है। कुबेर महिला स्वयं सहायता समूह- जयकुमारी, प्रियंका, चांदनी, बाबी है।

# गहिरा गुरु आश्रम में रंग पंचमी का हुआ आयोजन, रंग पंचमी जीवन में खुशहाल रहने का संदेश देता है- सुभाष गोयल

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-रंग पंचमी के अवसर पर आज ग्राम पंचायत सिलफिली के गोंडपारा में स्थित गहिरा गुरु आश्रम में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत सनातन धर्म समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद आयोग के सदस्य सुभाष गोयल उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव व श्रीमती किरण केराम सुरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, दिलीप समद्दार, राजमोहिनी देवी समाज के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, पत्रकार वेद प्रकाश मिश्रा, संबलपुर सरपंच कंवल बिहारी सिंह, कनकपुर सरपंच तिलेश्वर सिंह, राम नारायन कुशवाहा, साहब दयाल पाठक, देवनारायन सिंह, शिवकुमार सिंह उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा यहां पर सर्वप्रथम गहिरा गुरुजी के छायाचित्र के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात छायाचित्र पर रंग गुलाल अर्पित की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों द्वारा आपस में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी गई। मुख्य अतिथि राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद आयोग के सदस्य सुभाष गोयल ने कहा कि मैं सभी के रंग बिरंगी जीवन में खुशहाली की कामना करता हूं। रंग गुलाल के इस पर्व से हमें जीवन में काफी सीख मिलती है, जिससे हमें ज्ञान को अर्जित करके समाज की बुराइयों को दूर करते हुए आपसी भाईचारे के साथ रहने की जरूरत है। मुख्य अतिथि द्वारा यहां पर यज्ञशाला के निर्माण कार्य में अपना सहयोग देने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए सभी को रंग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन की खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान समल सिंह, रमेश सिंह, दयाल विश्वास, गोपाल विश्वकर्मा, गोविंद कुशवाहा, पवन वर्मन, ईश्वर सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नवनिर्वाचित सरपंचों को भारत को 2025 तक टी.बी मुक्त बनाने के उद्देश्य से कराया गया शपथ ग्रहण



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )** सूरजपुर जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर कमलेश नन्दनी साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र सूरजपुर में नवनिर्वाचित सरपंचों का उन्मुखीकरण परिचयात्मक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, प्रशिक्षण के दौरान नवनिर्वाचित सरपंचों का भारत को 2025 तक टी.बी मुक्त बनाने के उद्देश्य से संकाय सदस्य निरोज सिंह के द्वारा सभी सरपंचों का शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण के दौरान राधेलाल पैकरा एवं जिला के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

### सूरजपुर कलेक्टर ने प्रतापपुर के विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा



**सूरजपुर ब्यूरो दैनिक विश्व परिवार )**- आज कलेक्टर एस.जयवर्धन एवं डी. एफ ओ. श्री पंकज कमल के द्वारा प्रतापपुर विकासखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया गया। अपने दौरे में कलेक्टर ने प्रतापपुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया और प्रयोगशालाओं में सामग्री की उपलब्धता और सामग्री की आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। अपने दौरे में उन्होंने मा. शा. कन्या आश्रम शान्ति नगर और बालक आश्रम कोड़ाकूपारा का भी निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर आश्रम की सुविधाओं एवं समस्याओं को जाना। साथ ही उन्होंने आश्रम में सुविधाओं के उन्नयन और बच्चे के किसी भी की समस्या के निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अपने दौरे में कलेक्टर ने ग्राम रमगवा में सोलर संचालित नल जल कनेक्शन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर जल आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। इस संबंध में ग्रामीणों को समझाइश देते हुए कहा कि ग्राम सभा का आयोजन कर सभी जल आपूर्ति के लिए मोटर चालू करने का समय निर्धारित करें। किसी भी प्रकार से पेयजल को व्यर्थ बहाकर नष्ट न करें। इसके अलावा उन्होंने हाथी प्रभावित ग्राम गणेशपुर का दौरा करके वहां के लोगों से उनके समस्याओं को लेकर बातचीत की। इस दौरान प्रभावित लोगों को शासकीय मुआवजे के भुगतान की जानकारी ली। साथ ही उनके समस्याओं के निराकरण को लेकर कलेक्टर एवं डीएफओं ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु आवेदन प्रारंभ

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- जिले में पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीपीटी-2025) हेतु छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल में आवेदन प्रारंभ हो चुका है। शासकीय पॉलीटेक्निक सूरजपुर में माइनिंग इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग एंव इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा पाठ्यक्रम वर्तमान में संचालित है। पीपीटी 2025 परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2025 सायं 05:00 बजे तक है। परीक्षा की संभावित तिथि 01 मई दिन गुरुवार है। यह परीक्षा राज्य के 33 जिलों के जिला मुख्यालयों में आयोजित की जायेगी। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल की अधिकारिक वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। परीक्षा फर्म भरने में सहायता करने के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक सूरजपुर, वेटनरी पॉलिटेक्निक, प्रथम तल, सरनापारा पर्री में सहायता केन्द्र बनाया गया, जिसमें आवेदक छात्र-छात्राएं कार्यालयीन समय में पहुंचकर निशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते है।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शुक्रवार 21 मार्च 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com




## संपादकीय

# प्रतिस्पर्धी बने सहायक

भारत के 'राष्ट्रीय चैंपियन' इतनी सहजता से बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहायक की भूमिका में आ सकते हैं, तो उनके राष्ट्रीय चरित्र एवं भूमिका पर सवाल खड़े होंगे। इससे भारत उदय की सारी कथा पर नए सिरे से सोचने की परिस्थिति पैदा होगी। भारत के दूरसंचार बाजार में लगभग ड्यूपॉली (द्वि-अधिकार) की स्थिति है। रिलायंस जियो और भारती एयरटेल का बाजार के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा है। इन्हें प्रतिस्पर्धी कंपनियां समझा जाता है। सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के क्षेत्र में इलॉन मस्क की कंपनी स्पेस-एक्स के उतरने की संभावना के बीच अपेक्षा थी कि दोनों कंपनियां आपसी प्रतिस्पर्धा जारी रखते हुए स्पेस-एक्स की स्टारलिंक सेवा के साथ होड़ करेंगी। मगर अब सूरत यह है कि भारत में उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू होने के पहले ही उसमें स्टारलिंक की मोनोपॉली (एकाधिकार) कायम हो गई है। जिन कंपनियों से प्रतिस्पर्धा की अपेक्षा थी, वे स्पेस-एक्स की सहायक बन गई हैं। दोनों कंपनियों ने स्पेस-एक्स से जो करार किया, उससे साफ है कि ये भारतीय बाजार में स्टारलिंक सेवा प्रदान करने वाली एजेंसी की भूमिका में होंगी। इसीलिए इन कंपनियों के बीच हुए करार को आश्चर्यजनक घटना माना गया है। जियो भारत में सबसे बड़ा टेलीकॉम ऑपरेटर है। अनुमान है कि उसके 48 करोड़ से अधिक यूजर हैं। अब वह अपने रिटेल स्टोरों में स्टारलिंक के उपकरण का स्टॉक करेगी। उसके हजारों आउटलेट्स का उपयोग स्टारलिंक अपने प्रत्यक्ष वितरण केंद्र के रूप में करेगी। इसी भूमिका में एयरटेल भी होगी। यहां याद करना उचित होगा कि सैटेलाइट इंटरनेट के स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर मस्क और भारतीय कंपनियों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई थी। रिलायंस चाहती थी कि सेटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी हो। मस्क की कंपनी का तर्क था कि स्पेक्ट्रम का आवंटन प्रशासनिक रूप से किया जाए। लेकिन अब सारा विवाद दूर हो गया है। वह भी तब, जबकि भारत सरकार ने स्पेक्ट्रम का आवंटन किया नहीं है। वैसे मीडिया कयास के मुताबिक इन करार के पीछे भारत और अमेरिका की सरकारों ने भी परोक्ष भूमिका निभाई है। इस घटनाक्रम से भारतीय पूंजीवाद के रूप पर नई बहस खड़ी होगी। भारत के 'राष्ट्रीय चैंपियन' इतनी सहजता और स्वेच्छा से बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहायक की भूमिका को स्वीकार कर सकते हैं, तो उनके राष्ट्रीय चरित्र एवं भूमिका से जुड़े सवाल खड़े होंगे। इससे भारत उदय की सारी कथा पर नए सिरे से सोचने की परिस्थिति पैदा होगी।

# विकसित रेल,विकसित भारत-विश्व स्तरीय से श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ तक

(एम. जमशेद)



भारत की विकास कहानी की जीवन रेखा, भारतीय रेल दुनिया की सबसे उल्लेखनीय, लेकिन कम चर्चित गाथाओं में से एक है, कैसे अवसंरचना और परिवहन-संपर्क सुविधा के प्रति जागरूक सार्वजनिक नीति में रणनीतिक निवेश, राष्ट्रीय विकास में गुणात्मक लाभांश दे सकता है। पिछले दशक (वर्ष 2014-2024 तक) के दौरान भारतीय रेल ने जो प्रगति की है, वह इसके विकास और प्रगति का स्वर्णिम काल हो सकता है तथा यह प्रणाली आज विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रेलवे नेटवर्क में से एक है। तो, भारत की कहानी को कौन-सी चीज अलग करती है और इसे विकास की समान महत्वाकांक्षा वाले देशों और क्षेत्रों के लिए एक सबक बनाती है ? मुख्य बात एक सार्वजनिक नीतिगत दृष्टिकोण है, जिसे सबसे अच्छे ढंग से यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है कि रेलवे के लिए योजना, भारत के साथ और भारत के लिए तैयार की गई है। इसका मतलब इस बात की पहचान करना था कि यह प्रणाली विश्वस्तरीय हो और आम आदमी के लिए अपनी आवश्यक भूमिका में सस्ती बनी रहे। भारत के 22.4 मिलियन लोग अपने आर्थिक जीवन के एक हिस्से के रूप में इस सेवा का दैनिक उपयोग करते हैं। भारतीय रेल को एक ऐसी प्रणाली के रूप में समानांतर रूप से विकसित होना चाहिए, जो देश के उद्योग, वाणिज्य और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती हो। इसके लिए व्यापार करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता थी। अतीत में रेलवे की आलोचना धीमी विकास दर, आधुनिकीकरण की कमी और अवसंरचना की क्षमता संतृप्ति आदि के लिए की जाती थी। ऐसी आलोचना अभी भी वे लोग करते हैं, जो पर्याप्त ज्ञान के बिना पुरानी मानसिकता से चिपके हुए हैं, जैसे नेटवर्क विकास की आलोचना अक्सर वर्ष 1950 के बाद से केवल 68,000 किमी तक क्रमिक वृद्धि के लिए की जाती है, बिना यह जाने कि क्षमता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण वृद्धि पटरी विस्तार से जुड़ी है, जो आज 1,32,000 किमी से अधिक हो गई है। पिछले दशक के साथ इसके प्रदर्शन की दस साल की तुलना इस बात को साबित करती है। वर्ष 2004 से 2014 के दौरान 14900 के मुकाबले वर्ष 2014 से 2024 के दौरान कुल 31000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गईं। इसी तरह संचयी माल लदान 8473 मिलियन टन से 12660 मिलियन टन तक बढ़ गया, भारतीय रेल ने 8.64 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 18.56 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया; 5188 किमी की तुलना में 44000 किमी से अधिक का विद्युतीकरण हुआ, जिससे कार्बन फुटप्रिंट की बचत हुई; पिछले दशक के शून्य के मुकाबले 2741 किमी लंबे विश्व स्तरीय समर्पित माल गलियारे, लोको का उत्पादन 4695 से बढ़कर 9168 हो गया और रेल कोच का निर्माण 32000 से बढ़कर 54000 हो गया। उत्पादकता और प्रदर्शन के सभी मापदंडों में भारतीय रेल ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रमुख सुधार रेल बजट को मुख्य बजट में विलय करने से हुए, जिसे भाप युग की मानसिकता वाले कई लोग आज भी बिना किसी स्पष्ट कारण के भूल जाते हैं। रेलवे वित्तीय अभाव के कारण संसाधनों के सीमित वितरण के कारण भारी मात्रा में लंबित स्वीकृत परियोजनाओं से जूझ रहा था। इसमें पिछले दशक के दौरान 8.25 लाख करोड़ रुपये के जीबीएस का केन्द्रित निवेश हुआ, जबकि इससे पहले के दस वर्षों में यह केवल 1.56 लाख करोड़ रुपये था। रेलवे जल्द ही श्रीनगर के लिए अपनी पहली ट्रेन का परिचालन करेगा, घाटी तक जाने वाली पटरियाँ पूरी हो चुकी हैं, कुछ सबसे ऊँचे व सबसे लंबे पुल और सबसे लंबी रेल सुरंगें शक्तिशाली पहाड़ों से होकर नेटवर्क को जोड़ती हैं। भारतीय रेल अपनी निर्बाध परिवहन-संपर्क सुविधा के लिए 100ब विद्युतीकरण हासिल करने वाला पहला प्रमुख रेलवे बनने वाला है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और कार्बन फुटप्रिंट में भारी कमी आएगी। रेलवे नेटवर्क में टकराव रोधी कवच का प्रसार भी मिश्रित यातायात रेलवे प्रणाली में सबसे बड़ा है। भारतीय रेलगाड़ियाँ 'विश्व स्तरीय' से आगे निकल रही हैं। भारतीय रेल ने घरेलू आवश्यकताओं के साथ उन्नत वैश्विक तकनीकों को सफलतापूर्वक मिश्रित किया है, जिसका लक्ष्य सुरक्षित, तेज़, स्वच्छ और अधिक आरामदायक रेलगाड़ियाँ बनाना है। भारतीय रेल सभी के लिए सुलभ हो, यह सुनिश्चित करने के लिएवहनीयता को ध्यान में रखा गया है। अपने अनूठे व्यवसाय मॉडल के साथ रेलवे अपने माल ढुलाई राजस्व से यात्री व्यवसाय खंड के घाटे को वहन करता है और फिर भी लाभदायक बना रहता है। प्रमुख विकसित रेलवे प्रणालियाँ या तो निजी हैं और उच्च टैरिफतय करने के लिए स्वतंत्र हैं या अपने घाटे के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं, जबकि भारतीय रेल अपने सभी परिचालन और कामकाज के खर्चों का ध्यान रखता है और अपने पूंजीगत व्यय के लिए सकल बजटीय सहायता प्राप्त करता है। अन्य साधनों से कड़ी प्रतिस्पर्धा और पूरी तरह से व्युत्पन्न मांग पर निर्भर होने के बावजूद, इसके राजस्व सृजन लक्ष्य, साल दर साल रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज करते हुए सफलतापूर्वक प्राप्त किए जा रहे हैं। यह 90 के दशक के पुरानी मानसिकता वाले लोगों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है, जो भारत में एक कमजोर युग को याद करते हैं। निर्यात गुणवत्ता का लेबल वाली कोई भी चीज़ प्रीमियम पर बिकती थी और सबसे अच्छे उत्पाद - जिन्हें विश्व स्तरीय कहा जाता था - यूरोप और अमेरिका के समृद्ध देशों के लिए आरक्षित थे। भारतीयों को अक्सर कुछ गलत सामाजिक-आर्थिक सोच की आड़ में निम्न गुणवत्ता वाले सामान या सेवाएं प्रदान की जाती थीं। पीढ़ियों को भारतीय रेल जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए भी अपनी अपेक्षाएँ कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालाँकि, 2014 के बाद सरकार ने विकास और बुनियादी ढाँचे के निर्माण के प्रति एक दृढ़ प्रगतिशील और प्रेरक दृष्टिकोण अपनाया है। आधुनिक भारत को नवाचार की कमी और रूढ़िवादी अंतर्मुखी एजेंडे से मुक्त एक राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क की आवश्यकता है। यह प्रगति, आवश्यक रेलवे घटकों के लिए उच्च स्तर के स्थानीयकरण को बनाकर और विनिर्माण सुविधाओं को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाकर हासिल की गई है। हालाँकि वंदे भारत ट्रेन और इस तरह के अन्य रेल काफी ध्यान आकर्षित करते हैं, लेकिन भारतीय रेल की प्राथमिकताओं में गहराई से जाने पर कई अन्य क्षेत्रों में किये गए पर्याप्त प्रयास सामने आते हैं। भारत अब आने वाले महीनों में दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें चलाने के लिए तैयार है। इन 1,200 हॉर्सपावर (एच पी) इंजनों के विकास की तुलना ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा से की जा सकती है, जिसने भारत को परमाणु महाशक्ति के रूप में वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया। उल्लेखनीय रूप से, भारत अब इस मामले में अग्रणी है, जो विकसित देशों से बहुत आगे है, जो अभी भी आधी शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, जर्मनी के टीयूवी-एसयूडी ने भारत की हाइड्रोजन ट्रेनों का तीसरे पक्ष ऑडिट किया है। दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप परीक्षण सुविधा की स्थापना के साथ, भारत परिवहन के भविष्य में एक वैश्विक अग्रणी देश के रूप में उभर रहा है। दिसंबर 2024 में 422 मीटर का परीक्षण ट्रैक सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, देश अब हाइपरलूप यात्रा की व्यावसायिक व्यावहारिकता का आकलन करने के लिए लगभग 50 किलोमीटर का परीक्षण ट्रैक बनाने की तैयारी कर रहा है। एलन मस्क समर्थित स्विसपॉड और फ्रांस की सिसट्रा के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और बढ़ती वैश्विक मान्यता के माध्यम से, भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है, जो व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक हाइपरलूप प्रणाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है, जिससे एक तकनीकी महाशक्ति के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। यहां तक कि चीन ने भी 'मेक इन इंडिया' पहल को अपनाया है, जिसमें सीआरआरसीइंडिया बैंगलोर मेट्रो के लिए स्थानीयकरण प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है। चीनी फर्म मेट्रो कोचों का 75ब से अधिक स्थानीय निर्माण कर रही है, जिसमें 50ब सामग्री भारत से प्राप्त की जाती है। सीआरआरसी का लक्ष्य भविष्य की परियोजनाओं में स्थानीयकरण को 90ब तक बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, सीआरआरसीके लिए खुद को एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करके, यह सुविधा पश्चिम एशिया और अफ्रीका को निर्यात ऑर्डर संभालने के लिए तैयार है। जापान के साथ बुलेट ट्रेन रोलिंग स्टॉक आपूर्ति सौदों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं भारत पहले ही हाई-स्पीड ट्रेनों के घरेलू निर्माण पर काम शुरू कर चुका है। रोलिंग स्टॉक से परे, ऑस्ट्रियाई कंपनी प्लासर एंड थ्योरर की सहायक कंपनी प्लासर इंडिया अपनी ट्रैक मशीनों के साथ रेलवे रखरखाव और निर्माण में बदलाव ला रही है। स्थानीय स्तर पर विनिर्माण के उनके प्रयास वैश्विक निर्यात को समर्थन देते हुए आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं।भारतीय रेल ने अपनी 'बीबीआईएन पहल' के तहत न केवल दक्षिण एशिया को रेल से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम शुरू किया है, बल्कि पूर्व में अपनी 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत भारत को आसियान से जोड़ने की भी कल्पना की है और 'आईएमईसी पहल' के साथ यह भारत को रेल-समुद्र-रेल कॉरिडोर के जरिए यूरोप से जोड़ने की योजना बना रहा है।इसके पीएसयू रोलिंग स्टॉक, ट्रैक अवसंरचना कार्यों का निर्यात कर रहे हैं और कई एशियाई और अफ्रीकी देशों को परामर्श प्रदान कर रहे हैं। अपनी नई ट्रेनों, आधुनिक स्टेशनों, तेज गति, समर्पित माल ढुलाई गलियारों और हाई स्पीड नेटवर्क के साथ, भारतीय रेल अब एक प्रमुख विश्व स्तरीय रेलवे प्रणाली है और इसकी कहानी ऐसी है जिसे भारत अन्य देशों तक ले जा सकता है जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय विकास को उत्प्रेरित करने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका का पूरी तरह से लाभ नहीं उठाया है। विकसित रेल, विकसित भारत का आदर्श वाक्य 2047 तक इंतजार करने और बदलाव देखने से संबंधित नहीं है, भारतीय रेल के लिए - यह भारत के लिए और भारत के साथ एक सतत यात्रा है, जिसमें प्रतिदिन रिकॉर्ड, प्रगति और विकास के लक्ष्य पूरे किए जा रहे हैं।

(लेखक सीआरएफ में प्रतिष्ठित फेलो और ट्रैफिक, रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं)

## आलेख

# मोदी-मंत्रों के साथ विकास की ऊँची उड़ान का संकल्प

—रमेश शर्मा

डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट बहुआयामी है। इसमें विकसित मध्यप्रदेश की रूपरेखा के साथ प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी के तीनों मंत्र की झलक है। मोदीजी के ये तीन मंत्र च्विकास के साथ विरासतज्ज च्द्द4ड्डठ्ठ का सम्मानज्ज और च्लोकल फॉर वोकलज्ज हैं । इस बजट आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के प्रावधान भी हैं। बिना कोई नया कर लगाये 15ब की वृद्धि इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता है। वर्ष 2025-26 केलिये मध्यप्रदेश सरकार का बजट आ गया है। विशेषताओं, व्यापकताओं और नवाचारों से युक्त है। यह बजट बुधवार 12 मार्च को वित्तमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में प्रस्तुत किया। बजट में एक ओर मध्यप्रदेश की साँस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को सहेजा गया है तो दूसरी ओर आधुनिक दुनियाँ की दौड़ में अग्रणी रहने केलिये औद्योगिकरण को गति देने का प्रयास किया गया है। ताकि मध्यप्रदेश भारत के विकसित प्रातों में अग्रणी बन सके। बजट परिवार का हो, या किसी स्वायत्तशासी संस्थान का। अथवा किसी प्रगतिशील राष्ट्र का। उसमें अतीत के अनुभव, आधारभूत आयामों का सशक्तिकरण, आयवृद्धि के उपाय और व्यय का नियमन होना चाहिए। इसके साथ एक गतिमान वातावरण भी होना चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट इन आधारभूत आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह अनेक विशेषताओं, व्यापकताओं और नवाचारों से युक्त है। बजट में किसी भी पुरानी योजना को बंद नहीं किया गया है । और न कोई नया टैक्स लगाया गया है। किसी पुराने टैक्स में वृद्धि भी नहीं की गई।

### विरासत के साथ विकास

किसी भी परिवार, समाज और देश की अपनी विरासत होती है। उसमें विशेषताओं और वर्जनाओं दोनों की झलक होती है। विरासत और इतिहास वर्तमान पीढ़ी को अपनी विकास यात्रा में गतिमान बनाता है। विरासत में अनेक कथानक भी जुड़े होते हैं। इन कथानकों में उन्नति का संदेश और अवनति के प्रति सावधानी भी होती है। मध्यप्रदेश में ऐसे अनेक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और पुरातात्विक स्थल हैं जो गौरवशाली अतीत के प्रसंगों से जुड़े हैं। मध्यप्रदेश सरकार के इस बजट में उन सभी स्थानों के विकास को महत्व दिया गया है। जिससे पर्यटन बढ़ेगा और मध्यप्रदेश की विशिष्ट पहचान संसार के सामने आ सकेगी। इससे एक तीसरा लाभ भी है जो प्रदेश की वर्तमान पीढ़ी में एक विशिष्ट आत्म विश्वास का संचार करेगा। वही पौधा विशाल वृक्ष बनकर आसमान की ऊँचाइयों को छूता है जिसकी जड़ें गहरी होतीं हैं। यदि जड़ें कमजोर हैं तो वृक्ष पहली बरसाती बाढ़ में ही बह जायेगा। इसलिये जड़ों का गहरा और मजबूत होना जरूरी है। यही सिद्धांत समाज और राष्ट्र के दीर्घजीवन पर भी लागू होता है। इसीलिए प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी ने विकसित भारत यात्रा को विरासत से जोड़ा है। जिसे मध्यप्रदेश सरकार ने भी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रात है। यह संसार के प्राचीनतम भूभागों में से एक है। अरावली, सतपुड़ा और विन्ध्याचल पर्वत श्रृंखलाओं से समृद्ध यह भूभाग तब भी था जब हिमालय नहीं था और यूरोप ने आकार भी नहीं लिया था। यहाँ करोड़ो वर्ष पुराने जीवाश्म और लाखों वर्ष पुराने शैलचित्र मिलते हैं। डायनासोर के जीवाश्म भी मध्यप्रदेश में मिले हैं। डॉ मोहन सरकार के इस बजट में इन सभी विशिष्ट स्थलों को सहेजने का प्रावधान किया है। वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने संस्कृति पर्यटन और धर्मस्व विभाग में 1610 करोड़ का प्रावधान किया है। इसके अंतर्गत दो जीवाश्म पार्क विकसित करने किये जायेगें इनमें करोडों वर्ष पुराने डायनासोर के जीवाश्म सहित वे सभी च्फॉसिल्सज्ज सहेजे जायेगें जो आज भी पूरे विश्व केलिये कौतुहल हैं। फॉसिल्स पार्क विकसित हो जाने से संसार भर के शोधकर्ता मध्यप्रदेश आयेंगे। इससे प्रदेश की साख पूरे संसार में बढ़ेगी और स्थानीय नागरिकों को रोजगार के परोक्ष अवसर भी मिलेंगे। इसके साथ औंकारेश्वर, महाकाल उज्जैन, मैहर जैसे धार्मिक स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करने के प्रावधान किये गये हैं। बजट में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ के लिये दो हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# परिवर्तन का एक दशक-समृद्ध भारत का उदय


केन्द्रीय वस्त्र मंत्री, श्री गिरिराज सिंह

एक दशक पूर्व भारत की जनसंख्या लगभग 125 करोड़ थी। उपभोक्ताओं का खर्च मुख्य रूप से इच्छा के बजाय आवश्यकता से प्रेरित होता था। खरीदारी का पूर्वानुमान लगाना बहुत ही आसान था। त्योहारों के लिए नए कपड़े, सावधानीपूर्वक योजना आधारित खर्च और फिजूलखर्ची की बजाय बचत पर ध्यान केंद्रित किया जाता था। लक्जरी ब्रांडों की दूर से प्रशंसा की जाती थी। उच्च श्रेणी का फैशन अभिजात वर्ग तक ही सीमित था। आज देश की जनसंख्या लगभग 142 करोड़ हो गई है। मध्यम वर्ग तेजी से बढ़त की ओर है। वही परिवार पूरे आत्मविश्वास से प्रीमियम स्टोर में कदम रखता है। वही परिवार आसानी से ऑनलाइन खरीदारी करता है। इतना ही नहीं, अपने जीवन में अनेक अवसरों को उत्सव के तौर पर देखता है। भारत अब न केवल आगे बढ़ रहा है, बल्कि यह समृद्ध भी हो रहा है। बढ़ती क्रय शक्ति, विकसित हो रही उपभोक्ता मानसिकता और अंतिम-मील डिजिटल कनेक्टिविटी ये तीनों इस बदलाव के मुख्य वाहक हैं। आर्थिक सुधार अभूतपूर्व रहा है। इसे बढ़ती आय, सरकार समर्थित विनिर्माण पहल और डिजिटल रूप से सशक्त भारत के माध्यम से पंख लगे हैं। 2020 में ×स39;आत्मनिर्भर भारत×स39; योजना शुरू की गई। इस विजन ने आत्मनिर्भरता की नींव रखी। इसे प्रोडकशन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्कों द्वारा और सशक्त किया गया। जैसे-जैसे विनिर्माण में उछाल आया, रोजगार सृजन हुआ और इसके साथ ही डिस्पोजेबल आय में वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप भारतीयों के खर्च करने के तरीके बदल गए। उपभोग अब भारत के विकास की गाथा के केंद्र में है, जो कपड़ा क्षेत्र को स्वर्ण युग में ले जाने के लिए तैयार है। एक सशक्त भारत ङ्क आत्मविश्वास से परिपूर्ण, साहसी और आकांक्षी पिछले कई वर्षों में, आकांक्षाएं सचमुच वास्तविकता से आगे निकल गईं। लोगों ने कड़ी मेहनत की, बड़े सपने देखे, फिर भी अवसर पहुंच से बाहर लगे। फिर नीति-संचालित परिवर्तन के एक दशक ने महत्वाकांक्षा को उपलब्धि में बदल दिया। इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हुआ, डिजिटल इंडिया ने आकार लिया और आर्थिक सुधार मूर्त विकास का इंजन बन गए। इसके प्रभाव से भारत एक गुणवत्ता, शैली और सुविधा को अपनाने के लिए तैयार आत्मविश्वासी उपभोक्ताओं वाले देश के रूप में विकसित हो गया। आय में उछाल आया है। प्रति व्यक्ति आय 2014-15 में 72,805 रुपए से बढ़कर 2023-24 में 1.88 लाख रुपए हो गई है और 2030 तक 3.5 लाख रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। आज छह करोड़ भारतीय सालाना 8.3 लाख रुपए से अधिक कमाते हैं - 2015 की संख्या से दोगुने से भी अधिक है। यह बढ़ती समृद्धि फैशन, कपड़ा और जीवन शैली वाले उत्पादों की अभूतपूर्व मांग को बढ़ावा दे रही है। 2027 तक, भारत चौथा सबसे बड़ा उपभोक्ता टिकाऊ बाजार होगा, जो न केवल सामर्थ्य बल्कि आकांक्षाओं से प्रेरित होगा। कोविड के बाद उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव एक गेम-चेंजर रहा है। डिजिटल पहुंच बढ़ी, ऑनलाइन रिटेल फला-फूला और यूपीआई लेनदेन आसमान छू गया। वित्त वर्ष 2013- 14 में 220 करोड़ से इस डिजिटल परिवर्तन ने शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाट दिया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि चाहे मेट्रो शहर में रहें या छोटे शहर में, भारतीयों के पास अब वैश्विक और स्थानीय फैशन तक निर्बाध पहुंच है। भारत की फैशन क्रांति - परंपरा का महत्वाकांक्षा से मिलन कभी पश्चिमी अवधारणा, फास्ट फैशन अब युवा भारतीयों के लिए जीवन का एक तरीका है। जो कभी अनन्य था, वह अब पहुंच के भीतर है। इसका श्रेय ज्यूडियो, रिलायंस ट्रेंड्स और शीन जैसे ब्रांडों को जाता है। ये ब्रांड 10 बिलियन डॉलर के उद्योग को बढ़ावा दे रहे हैं। यह कारोबार 2030 तक 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के लिए तैयार है। लेकिन यह बदलाव केवल सामर्थ्य के बारे में नहीं है - लक्जरी और विरासत वाले वस्त्र फास्ट फैशन के साथ- साथ फल-फूल रहे हैं। जैसे-जैसे आकांक्षी परिवार 2027 तक 100 मिलियन का आंकड़ा पार कर रहे हैं, हस्तनिर्मित कपड़े, रेशम की साड़ियां और उच्च श्रेणी के डिजाइनर परिधान फिर से उभर रहे हैं। यह क्रांति कोई संयोग भर नहीं है। यह सरकार द्वारा संचालित पहलों का प्रत्यक्ष परिणाम है। बिचौलियों को खत्म करके कारीगरों के प्लेटफार्मों को डिजिटल बनाकर और सीधे ग्राहक-से-कारीगर कनेक्शन को सक्षम करके, डिजिटल इंडिया ने फैशन को खरीदने और बेचने के तरीके को बदल दिया है। महाराष्ट्र की पैठणी, कश्मीर की पश्मीना - अब एक बटन के क्लिक पर उपलब्ध है। फैशन का यह लोकतंत्रीकरण कारीगरों को सशक्त बना रहा है। इससे विरासत शिल्प को पुनर्जीवन मिल रहा है, और भारत की वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर सबसे आगे आ रहा है। विलासिता और विरासत - पहले की तुलना में अधिक सुलभ भारतीय शादियां हमेशा भव्य रही हैं। किंतु, आज वे अरबों-खरबों डॉलर की आर्थिक शक्ति हैं। 45 बिलियन डॉलर का विवाह उद्योग पारंपरिक बुनाई क्लस्टरों में नई जान फूंक रहा है। इसमें परिवार बड़े पैमाने पर उत्पादन के बजाय कलात्मकता को चुन रहे हैं। विलासिता अब लेबल के बारे में नहीं है, यह विरासत के बारे में है। दुल्हन और दूल्हे विशिष्टता का विकल्प चुन रहे हैं। वे हाथ से बुने हुए बनारसी रेशम, जटिल कांजीवरम और भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का जश्न मनाने वाले डिजाइन का चयन कर रहे हैं। लेकिन परिवर्तन केवल परिधान तक ही सीमित नहीं है। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसकी सुंदरता की चाहत भी बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2019-23 के बीच रियल एस्टेट की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और बड़े, अधिक परिष्कृत घरों के साथ हस्तनिर्मित साज-सज्जा, डिजाइनर असबाब और विरासत सजावट की मांग बढ़ गई है।

# मजबूत घरेलू मांग की नई अहमियत.....

डा. जयंतीलाल भंडारी

हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की चमकती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी। नि:संदेह ट्रंप की टैरिफसंबंधी नई चुनौतियों के बीच भारतीय नीति निर्माताओं के द्वारा ट्रंप प्रशासन की नीतियों से भारत पर होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावों का सतत मूल्यांकन करते हुए मजबूत घरेलू मांग की ताकत के आधार पर रणनीतिक रूप से आगे बढना् होगा यकीनन इस समय जब अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ मार से बचने के लिए दुनिया के देश अलग-अलग रणनीतियां अपना रहे हैं, ऐसे में ट्रंप के टैरिफकी मार से मुकाबला करने के लिए भारत की मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरकर दिखाई दे रही है। निश्चित रूप से इस समय देश के उपभोक्ता बाजारों में तेजी से बढ़ती खपत भारत के लिए ट्रंप के टैरिफसे जंग में मजबूत हथियार है। हाल ही में 27 फरवरी को डेलॉयट इंडिया और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया (आरएआई) के द्वारा जारी इंडियाज डिस्क्रेशनेरी स्पेंड इवॉल्यूशन रिपोर्ट के मुताबिक भारत का उपभोक्ता बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। भारत के उपभोक्ता बाजार में जो निजी खपत वर्ष 2013 में 87 लाख करोड़ रुपए मूल्य की थी, वह वर्ष 2024 में दोगुनी से भी अधिक 183 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकल गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2026 में भारत तेजी से बढ़ती खपत के कारण दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन जाएगा। नि:संदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में प्रकाशित द राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़कर 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और 2047 तक यह संख्या बढ़कर 102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपए की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है। रिसर्च फर्म कांतार की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2030 तक सालाना 10 हजार डॉलर से अधिक



आय वाले भारतीयों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। यह 2024 में लगभग 6 करोड़ थी, जो 2030 तक 16.5 करोड़ होगी। निश्चित रूप से नए टैरिफयुद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत का मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्यम वर्ग की मुठ्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपने दिखाई दे रहे, उनके कारण जहां दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। वैश्विक खुदरा सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर पसार रही हैं। प्रौद्योगिकी लेकर परिधान, सौंदर्य, फैशन और मनोरंजन क्षेत्र के दिग्गज ब्रांड अब भारत के बड़े महानगरों से होते हुए टियर-2 और टियर-3 शहरों की तरफ बढ़ चले हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत घरेलू मांग की मजबूती से दुनिया में सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पिछले 10 वर्षों में खपत बढने् की दर सबसे अधिक भारत में ही रही है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.2 फीसदी रही है। भारत की यह विकास दर चीन, अमरीका, इंडोनेशिया, ब्राजील जैसे तमाम विकसित व विकासशील देशों की तुलना में अधिक है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में 27 फरवरी को वर्ल्ड बैंक ने अपनी 'ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स' रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था को निवेश और खपत के मद्देनजर दुनिया की सबसे तेजी से बढने् वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बताया है। वर्ल्ड बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कोउमे ने कहा कि अगर कोई भारत के आर्थिक आंकड़ों से चिंतित है, तो हम कहना चाहेंगे कि चिंता न करें। भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक चमकता सितारा है। भारत सरकार की नीतियों से बढ़ती खपत और बढ़ते निवेश भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। चूंकि घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है, अतएव निश्चित रूप से एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाला वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री के द्वारा टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दी है। वित्तमंत्री ने मजबूत वित्तीय मुठ्ठी से आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभान्वित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल ने विश्व योग प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागियों को 50 हजार रु. की सहायता राशि दी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने विश्व योग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों को 50 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की है। ये प्रतिभागी आगामी अप्रैल माह में मलेशिया में आयोजित होने वाली 16वीं विश्व योग प्रतियोगिता में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी खिलाड़ी सुश्री साक्षी वर्मा और श्री विभांशु बंजारे और उनके योग प्रशिक्षक श्री नमेश कुमार साहू ने आज राजभवन में राज्यपाल श्री डेका से मुलाकात की। श्री डेका ने प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 25-25 हजार रूपये की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

### स्पर्श लोक कला मंच द्वारा, रंग पंचमी पर रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बेमेतरा ( विश्व परिवार )।** स्पर्श लोक कला मंच द्वारा, संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से 18 एवं 19 मार्च को रंग पंचमी के दिन, रंगोत्सव 2025, , का आयोजन ग्राम जौंग, जिला बेमेतरा में किया गया कार्यक्रम में पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी राकेश तिवारी, खम्मन दास, अभ्भन सेन, प्रकाश सिंह ठाकुर सहित पचास से ज्यादा कलाकारों ने प्रस्तुति दी। स्पर्श लोक कला मंच के अध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम चंद्राकर ने सभी कलाकारों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया .कार्यक्रम में सरपंच अश्वनी साहू, रामकुमार सेन, सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सदस्य अन्नू तारक ने भी थामा भाजपा का दामन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के एकात्म परिसर स्थित कार्यालय में गुरुवार को रायपुर जिला पंचायत क्षेत्र क्र.-09 के विर्वाचित सदस्य अन्नू तारक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भाजपा का गमछा पहनाकर श्री तारक को पार्टी की सदस्यता प्रदान की। इस मौके पर प्रदेश सरकार के मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक त्रय अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू व गुरु खुशवंत साबेब सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने इस मौके पर श्री तारक का पार्टी में स्वागत करते हुए इसे पार्टी की रीति-नीति और प्रतिबद्धता की प्रामाणिकता पर एक और सशक्त हस्ताक्षर निरुपित किया। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार सभी वर्ग के कल्याण और विकास के लिए कार्य कर रही है। इससे प्रदेश में विश्वाय का एक अभूतपूर्व वातावरण निर्मित हुआ है और यह सत्य स्थापित हुआ है कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। इस वजह से लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी विचारधारा व कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जो सत्ता को साध्य नहीं, अपितु जन सेवा का साधन मानकर कार्य करती है।

## श्री 1008 चिंतामणी पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा स्थापित

### श्री 1008 चिंतामणी पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र कचनेर में धार्मिक आयोजन






**छत्रपति संभाजीनगर ( विश्व परिवार )।** श्री 1008 चिंतामणी पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र कचनेर में प. पू. भारतगौरव, गणचार्य, समाधिसम्राट, बुंदेलखंड के प्रथम आचार्य श्री 108 विरागसागरजी महाराज के परम शिष्य प. पू. दिगंबराचार्य शिरोमणि आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर महाराज संसघ का आगमन 18 मार्च शाम को कचनेर में हुआ। गुरुदेव की उपस्थिति व आशीर्वाद से कई वर्षो से स्थगित कार्य मूलनायक श्री 1008 चिंतामणी पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा निष्ठापन व स्थापित करने का मान सुनील कुमार सुंदरलाल पाटणी परिवार, श्री 1008 कलिकुंड पार्श्वनाथ भगवंत की प्रतिमा निष्ठापन व स्थापित करने का मान अमितकुमार सुचितकुमार माणिकचंद बाकलीवाला परिवार, श्री 1008 आदिनाथ भगवंत की प्रतिमा निष्ठापन व स्थापित करने का मान नितिनकुमार इंदरचंद गंगवाल परिवार, श्री महावीर भगवंत की प्रतिमा निष्ठापन व स्थापित करने का मान एड. अनिलकुमार कासलीवाल परिवार, श्री क्षेत्रपाल भगवंत की प्रतिमा निष्ठापन व स्थापित करने का मान व श्री पद्मावती माता प्रतिमा निष्ठापन व स्थापित करने का मान 7 रवींद्रकुमार पहाडे परिवार को मिला है।

पूरी प्रतिमा निष्ठापन व स्थापित करने की विधि चंद्रकांत पंडित व सहयोगियों ने संपन्न की है। प. पू. दिगंबराचार्य चर्याशिरोमणी आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर महाराज ने अमृत वाणी से अमृतवचन देकर योग आया तो कार्य पूरा होगा। इस अवसर पर हजारों वर्ष टिकेगा ऐसा भव्य मंदिर निर्माण करने का आशीर्वाद दिया। क्षेत्र में इससे पूर्व आगमन हुए महान संतों के कार्य को ताजा किया।

**यह लोग रहे मौजूद-** इस अवसर पर विश्वस्त मंडल अध्यक्ष सुरेशकुमार कासलीवाल, उपाध्यक्ष संजयकुमार कासलीवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी भरतकुमार ठोले, विश्वस्त डी. यू. जैन, महेंद्रकुमार काले, सुभाषचंद बोहरा, ललित पाटणी, प्रमोदकुमार कासलीवाल, रवींद्र खडकपुरकर, एड. एम. आर. बड़जाते, फूलचंद इंगलवार संग कार्यकारिणी मंडल अध्यक्ष सुनीलकुमार पाटणी, उपाध्यक्ष हेमंत बाकलीवाल, जयकुमार बाकलीवाल, महामंत्री नीलेश काला, उपमहामंत्री प्रकाशचंद गंगवाल, सदस्य विनोद लोहाडे, मुकेश कासलीवाल सहित काफी संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित थे। दो दिवसीय कार्यक्रम की सफलता के लिए विश्वस्त मंडल, कार्यकारिणी मंडल पदाधिकारी व सभी सदस्य, प्राचार्य किरण मास्ट, योगेश गंगवाल, स्वप्निल जैन, सभी मंदिर व प्रशाला स्टाफ ने प्रयास करने की जानकारी नरेंद्र अजमेरा व पीयूष कासलीवाल ने दी है। चंद्रकांत पंडित व सहयोगियों ने संपन्न की विधि।

## श्री विराग अक्षय समाधी तीर्थ पंचकल्याणक जालना 21 मार्च से 25 मार्च 2025 तक




**जालना/महाराष्ट्र ( विश्व परिवार )।** श्री विराग अक्षय समाधी तीर्थ पंचकल्याणक जालना 21 मार्च से 25 मार्च 2025 तक आयोजित किया है। इस युग के उत्कृष्ट समाधि धारक पूज्य गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज की समाधि स्थली श्री विराग अक्षय तीर्थ ग्राम देवमूर्ती (जालना )में परम पूज्य आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर जी के मंगल आशीर्वाद से त्रिमूर्ति भगवान विमलनाथ, भगवान अनंतनाथ, भगवान धर्मनाथ जी को मूर्ति विराजमान हुई। मंगल सानिध्य- मुनि श्री प्रणवसागर जी महाराज संसघ, आर्यिका विबोधश्री माताजी संसघ के सानिध्य में, ब्रह्मचारी भोला भैया सिलवानी जी के निर्देशन में स्थापना हुई। श्री देवेंद्र कुमार, श्रीमति बीना देवी, सजल, मयूरी, स्नेहा, नेहा, ब्र. परी दीदी, अंशी, मोक्षी, सिद्धांशी, वर्धमान, अभिजात काला परिवार इस मूर्ति के मूर्ति प्रदाता दुर्ग छत्तीसगढ़ है। धन्य है ऐसा परिवार जो निरन्तर ऐसे विशाल जिनबिम्ब विराजमान करते रहते है। महाराष्ट्र की पावन धरा पर गुरू मंदिर एवं विशाल त्रय जिनबिंबो का पंचकल्याण महोत्सव आचार्य श्री विशुद्धसागर जी संसघ के सानिध्य में एवं आर्यिका विबोधश्री माताजी संसघ का भी मंगल सानिध्य भक्तो को मिलेगा। गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज की समाधि स्थली श्री विराग अक्षय तीर्थ जालना में पंचकल्याणक महोत्सव 21 मार्च 2025 से 25 मार्च 2025 तक सम्पन्न होगा। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## अशोक नगर के भक्तों ने निकाली शिखर जी में भव्य शोभायात्रा

**11 लाख मंत्रों की आहूति के साथ हुआ विश्व शांति महायज्ञ**

### सिद्ध चक्र महा मंडल विधान कर की सिद्धि क्षेत्र की वंदना



**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** अशोक नगर से डा डी के जैन के साथ सम्मेद शिखर जी पहुंचे भक्तों ने संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री पूज्य सागर जी महाराज मुनिश्री अतुल सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में इक्यावन कुड़िए श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में के समापन भव्य शोभायात्रा निकाली जो मधुवन के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुरु मन्दिर पहुंच कर समाप्ति हुई जहां भगवान के कलशाभिषेक किये गए।

इसके पहले आज विश्व शांति महायज्ञ के समापन पर यज्ञ वेदिका की पूरे विधि-विधान के साथ पूजन अर्चना की गई। इसके बाद विश्व शांति महायज्ञ में सर्व प्रथम तीर्थंकर कुंड पर सौधर्म इन्द्र श्री मति डॉ डी के जैन श्रीपाल मैना सुंदरी श्री मति अंकिता अंचल जैन अरिहंत कुंड पर श्री मति अंसू नेरश कुमार फीरोजाबाद सचिन कुमार सामान्य केवली कुंड पर कुबेर परिवार जितेन्द्र जैन गोटू धर्मेन्द्र कुमार सचिन कुमार गुणायतन संरक्षक श्री मति रचना मनोज रन्नौद श्री मति राज विनोद कुमार राजू मेडिकल सहित सभी प्रमुख पात्रों सहित सभी इन्द्र इन्द्रियों द्वारा शान्ति मंत्रो सुरेन्द्र मंत्रो के साथ ही दिव्य मंत्रो द्वारा आहूतिया समर्पित किया गये।

**सौभाग्य से मिलते हैं इस तरह के संयोग :** मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कि श्रीसिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महा यज्ञ का सिद्ध क्षेत्र में आयोजित होना सभी समाज जनों को बहुत सौभाग्य का विषय रहा हम सब यहां विधान पुण्यर्जक परिवार श्री मति किरण जैन डॉ डी के जैन श्री मति निकिता अंचल जैन परिवार का सम्मान करते हुए हर्षित हो रहें हैं सबसे पहले तो सिद्ध चक्र महा मंडल विधान फिर सिद्ध क्षेत्र और इसमें भी जिन संत का हमने अपने नगर में चातुर्मास करया ऐसे मुनिश्री पूज्य सागर जी महाराज के सान्निध्य का सौभाग्य निश्चल रूप से हम सभी के किसी विशेष पुण्य से ही मिला है।

**विभिन्न मार्गो से निकाली रजत पालकी में शोभायात्रा :** विश्व शांति महायज्ञ के समापन पर मुनिश्री पूज्य सागर जी महाराज मुनिश्री अतुल सागर जी महाराज मुनिश्री श्रुत सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री व्रत सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में तीन तीन रजत पालकी यो भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य शोभायात्रा गुणायतन विशेष रचना से प्रारंभ हुई जो अडिंदा पार्श्वनाथ जिनालय निहारिका जैन हास्पिट भोमिया जी वीस पथी कोठी तेरह पंथी कोठी मान स्तंभ होती हुए गुरु मन्दिर परिसर पहुंच रास्ते में स्थान स्थान पर भक्तों ने श्री फल आरती के साथ प्रभु भक्ति की यह शोभायात्रा यात्रा गुरु मन्दिर पहुंच कर धर्म सभा में बदल गई जहां भगवान के कलशाभिषेक का आयोजन वाल ब्रह्मचारी विक्की भइया ब्रह्मचारी अशोक भ इया के मंत्रोच्चार के साथ पुण्यार्क परिवार श्री मति किरण डॉ डी के जैन अंचल जैन नरेशकुमार लाला जी फीरोजाबाद मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा मनीष एम पी परिवार सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया

**आपको जीवन में कुछ तो अच्छा करना ही है जो लोगों की स्मृति वन जाये :** इसके पहले परम पूज्य मुनि श्री पूज्य सागर जी महाराज ने कहा कि दान की महिमा अपरम्पार है आप सम्मेद शिखर जी में आयें है अभी आप लोगों कई दिनों से पूजन का आनंद लें रहे थे पूजन के साथ दान जरूर देना चाहिए हम वचपन में वीनवारह गये थे वहां सीडी के लिए दान वोला जा रहा था हमारा भी मन हुआ एक सीढ़ी वोल दी वर्षो बाद जव मुनि वनकर जव हम आचार्य श्री के साथ उसी सीढ़ी से गुजरे तो याद आ गया तो दिया हुआ दान आपकी स्मृतियों को मानस पटल पर सजा कर रखता है ये धर्म आपकी पग पग पर रक्षा करेगा जब भी मौका मिले अच्छे काम कर ही लेना चाहिए ये छोटी सी जिंदगी आपको मिली है आप इसमें कुछ ना कुछ अच्छा करते रहे जैसे आपके डॉ सहाब ने विधान रचा कर इतिहास वना लिया आप सभी को कुछ तो अच्छा करना है। **-विजय धुर्रा**

## एसईसीएल ने की 302 माइनिंग सरदारों की भर्ती



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** एसईसीएल ने माइनिंग सरदार भर्ती परीक्षा में सफल रहे 302 उम्मीदवारों को नियुक्ति आदेश (पोस्टिंग ऑर्डर) जारी कर दिए हैं। दिनांक 19 मार्च 2025 को एसईसीएल मुख्यालय से यह आदेश जारी किए गए हैं और संबंधित उम्मीदवारों को भेजे गए हैं।

कोयला खान विनियम 2017 के तहत माइनिंग सरदार एक वैधानिक पद है, जो खदानों के सुरक्षित और प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। माइनिंग सरदार की जिम्मेदारी होती है कि वह खान अधिनियम, विनियमों और आदेशों के पालन को सुनिश्चित करे और किसी भी उल्लंघन की जानकारी शीघ्र ही अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे।

एसईसीएल ने माइनिंग सरदार के 350 पदों के लिए भर्ती अधिसूचना जारी की थी, जिसके लिए 8000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 302 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा रही है।

एसईसीएल क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह भर्ती प्रक्रिया न केवल क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार सुनिश्चित करने में सहायक होगी, बल्कि खनन उद्योग की सुरक्षा और संचालन को भी मजबूती प्रदान करेगी। इस अवसर पर एसईसीएल सीएमडी श्री जेपी द्विवेदी एवं निदेशक (कार्मिक) श्री बिरंची दास द्वारा सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## नामांकन जमा करने के अंतिम दिन 75 फार्म जमा हुए




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** चुनाव प्रक्रिया के तहत आज दिनांक 20 मार्च 2025 को नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिन कुल 75 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए जिनमें प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 2, प्रदेश महामंत्री पद के लिए 1, प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के लिए 1 तथा जिला उपाध्यक्ष पद के लिए 36 एवं जिला मंत्री पद के लिए 35 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी- प्रकाशचंद गोलछा, बालकृष्ण दानी, के. सी. माहेश्वरी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन(कुचेरिया), संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा, मनोज शर्मा, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एच.एस.कर, एवं चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

दिनांक 22 मार्च 2025 को प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की सूक्ष्म जांच पश्चात प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा तदोपरांत 24 मार्च 2025 को नाम निर्देशन पत्रों पर आपत्तियों का निराकरण प्रातः 11:00 से 2:00 तक किया जाएगा तत्पश्चात वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन शाम 6:00 बजे किया जाएगा।

नाम निर्देशन पत्रों की वापसी की अंतिम तिथि 26 मार्च 2025, दिन-बुधवार, समय-दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक रहेगा।

## स्कूल में निगम द्वारा नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट एवं समग्र शिक्षा के तहत भवन का निरीक्षण के दौरान आयुक्त बच्चो को लगे पढ़ाने



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय कन्या विधालय सुपेला में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट एवं सामुदायिक भवन को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन-2 जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अधिकारियों को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे। स्कूल परिसर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण 8 लाख की लागत एवं महापौर निधि से बच्चों के खेलने के लिए मल्टीपरपस नवीन बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया है। जिसका उपयोग स्कूल के बच्चों द्वारा किया जायेगाद्य स्कूल के शिक्षक के साथ चर्चा करते हुए आयुक्त ने जोन आयुक्त को कार्यो को शीध्र ही पूर्ण कराने निर्देशित किए।

उसी दरमयान आयुक्त ने देखा क्लास रूम में परीक्षा होने के कारण तीसरी, चैंथी कक्षा के बच्चों की पढ़ाई स्कूल में बने मंच पर बैठाकर कराई जा रही थी। कौतुहलवस सब लोग बच्चो के बीच पहुचं गये और बच्चो से पढ़ाई के बारे में चर्चा करने लगे, क्या पढ़ रहे हो, समझ में आ रहा है कि नहीं। होमवर्क कौन-कौन करके आता है, घर में जाकर कौन-कौन पढ़ाई करता है आदि के बारे में बच्चो से चर्चा किये और उनसे सवाल-जवाब भी किये। बच्चो से जब सवाल किया गया, वृत किसे कहते है, कौन बनाकर बतायेगा। कोई हाथ नहीं खड़ा कर रहा था, जबकि देखा गया कुछ बच्चे अपने कापी में बना लिए थे। आयुक्त ने शिक्षिका से कहा कि बच्चो में आत्म विश्वास की कमी है, उन्हे प्रोत्साहित किया करें। जानते हुए भी बच्चे जवाब देने में डर रहे है। बच्चों को बेजिझक होकर अपनी बातों को कहना चाहिए, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है।

इसके बाद सब लोग वार्ड में हो रहे निर्माण, सफाई, शौचालय आदि का निरीक्षण किये। स्थानीय नागरिको से कार्यो के बारे में फीड बैक लिए। अनावश्यक रूप से कुछ जगहो पर स्ट्रीट लाईट जल रहा था, उसे बंद कराने के लिए सभी जोन आयुक्त को निर्देशित किये। किसी भी प्रकार से कोई भी लाईट दिन के समय जलते नहीं दिखना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## आशीर्वाद लेडीज सोशल ग्रुप द्वारा एनआईटी रायपुर की महिला कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए बैग वितरित किए गए




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आशीर्वाद लेडीज सोशल ग्रुप द्वारा एनआईटी रायपुर की महिला कर्मचारियों (सफाई, बागवानी और सुरक्षा विभाग) को सम्मानित करने हेतु 19.3.2025 बुधवार को बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व मांगल्य सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा श्रीमती नलिनी हावरे एवं सम्माननीय अतिथि के रूप में एनआईटी रायपुर सोशल ग्रुप की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति रमना राव ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती जयश्री ढेकने द्वारा किया गया, वहीं डॉ. मृदु साहू ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ साधना अग्रवाल और डॉ स्वस्ति स्थापक भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने इस सामाजिक पहल का समर्थन किया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. मृदु साहू ने अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक के संस्था के सामाजिक कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें समूह की उपलब्धियों और उनके प्रभाव को रेखांकित किया गया। एनआईटी सोशल क्लब के अंतर्गत संचालित आशीर्वाद लेडीज सोशल ग्रुप ने समाज सेवा की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। संस्था में इस वर्ष 40 से अधिक नए सदस्य जुड़े और सभी के सहयोग से विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियाँ सफलतापूर्वक आयोजित की गईं।

संस्था द्वारा पाँच प्रमुख सामाजिक गतिविधियां संपन्न की गईं- प्रेरणा ग्रुप के नेत्रहीन छात्रों को शैक्षणिक सामग्री एवं आवश्यक वस्तुएँ वितरित की गईं। दिव्यांग बच्चों के लिए दिवाली प्रदर्शनी आयोजित की गई, जहाँ उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित और बेचा गया। दिव्यांग बच्चों की आजीविका को बढ़ावा देने हेतु लहसुन छीलने की मशीन दान की गई। एनआईटी रायपुर कैंपस में वस्त्र वितरण शिविर लगाया गया, जिसमें जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरित किए गए। एनआईटी रायपुर की महिला कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए बैग प्रदान किया गया।

समूह के उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए यूनिसेफ एवं सांसद, रायपुर लोकसभा श्री बृजमोहन अग्रवाल जी द्वारा समूह को सम्मानित भी किया गया है। यह सम्मान संस्था के सदस्यों की निस्वार्थ सेवा और समाज कल्याण की भावना को दर्शाता है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर शुक्रवार 21 मार्च 2025



## संक्षिप्त समाचार

### नियद नेल्लानार गांवों में बस सुविधा को निरंतर बनाए रखें : कलेक्टर

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का लिया गया। उन्होंने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत जिले के चिन्हांकित ग्रामों में स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने जिला स्तरीय अधिकारियों से कार्य के प्रगति का समीक्षा किया। उन्होंने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत पेयजल, सड़क निर्माण, सौर उर्जा, नलजल योजना, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खुलवाने, अंगनबाड़ी भवन, खेल मैदान, लाईब्रेरी और उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ममगाईं ने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चिन्हित ग्रामों में बस सुविधा को निरंतर बनाए रखने, जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने, स्कूल भवन में शौचालय मरम्मत व बाउंड्रीवाल निर्माण करने, विद्युत विहीन आंगनबाड़ियों में विद्युतीकरण करने, ग्राम पंचायत कुंदला के ग्राम एहनार में स्कूल भवन, प्रधानमंत्री आवास निर्माण की प्रगति, नियद नेल्लानार योजनांतर्गत संचालित निर्माण कार्यो को समय पर पूर्ण करने, जल जीवन मिशन अंतर्गत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, जिले के आत्म समर्पित नक्सली और नक्सल पीड़ित परिवारों की समस्याओं का समाधान करने एवं सदस्यों को शासकीय सेवा में नियुक्ति देने तथा पुनर्वास योजना से लाभान्वित तथा नक्सली हिंसा में मारे गये आम नागरिकों के वारिशान को शासन की पूनर्वास योजना के तहत् नौकरी प्रदाय करने, जिले में विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर बस्तर पंडुम कार्यक्रम जनजातीय कला और संस्कृति को दुनिया के सामने लाने उत्सव को सफल आयोजित करने आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को निर्देशित किए। कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए ग्राम एनमेटा में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने, ग्राम डूंगा में पीडीएस गोदाम निर्माण, ग्राम ताड़नार में सड़क बनाने, सेवा निवृत्त पश्चात् शेष एवं देय स्वत्यों का भुगतान करने, बालक आश्रम कोहकामेटा एवं प्री मैट्रिक बालक छात्रावास का निरीक्षण प्रपत्र में उल्लेखित समस्याओं का निराकरण करने, 08 मई 2025 विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन करने, उद्योग विभाग को कार्यालय हेतु जमीन आबंटित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत् हितग्राहियों के सत्यापन में तेली लाने, अबुझमाड़िया जनजाति सहित अन्य विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने, विषेश पिछड़ी जनजाति परिवार को आवास पूर्ण कराने, जिले में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र शतप्रतिशत बनवाने, कृषि विभाग द्वारा संचालित किसान सम्मान निधि से कृषकों को लाभान्वित करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर जनदर्शन से प्राप्त हुए आवेदनों का शीघ्र निराकरण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए। उन्होंने बैठक की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण पूर्ण करने, उप जेल नारायणपुर के प्रशासनिक भवन का जर्जर छत का मरम्मत करने, करलखा में पेयजल की समस्या को निराकरण करने, आपदा पीड़ित परिवारों को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान कराने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ममगाईं ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड के परीक्षा परिणामों में सुधार लाने हेतु अतिरिक्त पढ़ाने तथा राज्य साक्षरता मिशन के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजित करने निर्देशित किया गया। अबुझमाड़िया जनजाति सहित अन्य विशेष पिछड़ी जनजातियों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किए जाने निर्देशित किया।

## नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने संभाला कार्यभार, हवन-पूजन और शुद्धिकरण के साथ की नई शुरुआत





**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** नगर पालिका परिषद गरियाबंद के नव निर्वाचित अध्यक्ष रिखीराम यादव ने गुरुवार को पालिका कार्यालय में कार्यभार संभाला। इससे पूर्व उन्होंने शीतला मंदिर पहुंचकर मां शीतला की पूजा-अर्चना की और अपने कार्यकाल की सफलता के साथ ही क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद, पालिका कार्यालय पहुंचकर उन्होंने अध्यक्ष कक्ष में हवन-पूजन कराया। साथ ही पूरे कार्यालय का गंगाजल और गौ मूत्र से शुद्धिकरण किया गया। इसे हिंदू रीति-रिवाज से जुड़ी परंपरा बताया जा रहा है। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक, पार्षद और पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे और रिखीराम यादव को नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

10 मार्च को ली थी शपथ बता दें कि बीते 10 मार्च को नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव समेत पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया था। इसके बाद 20 मार्च गुरुवार को उन्होंने विधिवत हवन-पूजन कर अध्यक्ष की कुर्सी संभाली। कुर्सी संभालने से पहले उन्होंने सपत्नीक शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर पालिका कार्यालय पहुंचे। कार्यालय के प्रवेश द्वार पर उन्होंने मत्था टेका और फिर अंदर जाकर कार्यभार ग्रहण किया।

पालिका का शुद्धिकरण और पगड़ी रस्म अध्यक्ष कक्ष में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद पूरे कार्यालय का गंगाजल और गौ मूत्र से शुद्धिकरण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने रिखीराम यादव को हाथ पकड़कर कुर्सी पर बिठाया। इसके बाद अध्यक्ष का पगड़ी रस्म हुआ, जिसमें उन्होंने अपने पद की गरिमा को बनाए रखने और जनता की सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

वास्तु के अनुसार बदली बैठने की दिशा पालिका में अध्यक्ष बदलते ही कई चीजों में बदलाव किया गया। पहले के चेंबर में बैठने की दिशा को वास्तु के अनुसार बदला गया। कहा जा रहा है कि यह केवल धार्मिक परंपरा का पालन ही नहीं, बल्कि यह संकेत है कि नगरीय प्रशासन भारतीय संस्कृति और मूल्यों के अनुरूप संचालित होगा।

राजनीति में दिखी एक नई तस्वीर पालिका की कुर्सी संभालने से पहले रिखीराम यादव द्वारा आयोजित हवन-पूजन की चर्चा पूरे नगर में हो रही है। इस कार्यक्रम में उनकी धर्मपत्नी के अलावा सब्जी व्यवसाय करने वाली बुजुर्ग महिला गनेशिया बाई निर्मलकर भी मौजूद थीं। गनेशिया बाई ने नगरीय निकाय चुनाव में हर पल रिखीराम यादव का साथ दिया था और उनकी जीत के लिए प्रार्थना की थी। चुनाव जीतने के बाद रिखीराम ने गनेशिया बाई का सम्मान किया, जिससे नगर की जनता के बीच सकारात्मक संदेश गया है।

जनता के विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प नव निर्वाचित अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि वह जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने जनता की सेवा और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा, गिरीश उपासने, केशव साहू, बलदेव सिंह हुंदल, लोकनाथ साहू, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पार्षद सुरेंद्र सोनटेके, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, खेमसिंह बघेल, मोहित द्विवेदी, वीरू यादव, केशर निर्मलकर सहित गणमान्य नागरिकों और पालिका कर्मचारियों ने रिखीराम यादव को बधाई दी और उनके नेतृत्व में पालिका के विकास की उम्मीद जताई।

जनता की सेवा और विकास को मिलेगी प्राथमिकता रिखीराम यादव ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना और विकास कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस मौके पर पार्षदों, स्थानीय नेताओं और पालिका कर्मचारियों ने रिखीराम यादव को शुभकामनाएं दीं।

## एपीएफ टीम ने तोकापाल सीएचसी में स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लिया जायजा



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** डॉ. गुरुराज पाटिल एवं डॉ. सन्ध्या के नेतृत्व में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बैंगलोर की टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही सीएचसी पोषण पुनर्वास केन्द्र में उपचाररत कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य का हाल पूछा। ज्ञात हो कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं सहयोगी संस्था लेप्रा सोसाईटी की टीम बैंगलोर से बस्तर जिले के स्वास्थ्य मानकों का अवलोकन एवं निरीक्षण करने बस्तर भ्रमण पर आयी है, जो 18 मार्च 2025 से 20 मार्च 2025 तक बस्तर के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं संस्थाओं का अवलोकन एवं निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेगी। भ्रमण के प्रथम दिवस उक्त टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल पहुंच कर सबसे पहले एनआरसी वार्ड का निरीक्षण करते हुए भर्ती बच्चे एवं पोषण आहार की जानकारी ली, इसके पश्चात् कुष्ठ वार्ड में जाकर उपचाररत मरीज, दवाई, ग्रेड-02 विकृति एवं एमसीआर आदि की जानकारी ली। साथ ही लेब में टीबी से सम्बन्धित जानकारी लेते हुए ट्रूनॉट लेब में रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। वहीं एक्स-रे कक्ष का निरीक्षण कर सम्बन्धित मरीजों से भी चर्चा किए। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साव, एनएमए शिव नारायण पाण्डे, एसटीएस प्रदीप त्रिपाठी, व्हीबीडी सुपरवाईजर सुदर्शन कश्यप और अन्य स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

## बस्तर पण्डुम के सफल आयोजन के लिए जिला सीईओ ने ली बैठक

**कांकेर(विश्व परिवार)।** बस्तर के संस्कृति संरक्षण हेतु राज्य शासन द्वारा "बस्तर पण्डुम" का आयोजन बस्तर संभाग के सभी जिलों में किया जा रहा है। इसके विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार कर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी हरेश मण्डावी ने जिला व जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं आदिवासी समाज प्रमुखों के साथ बैठक लेकर विस्तृत चर्चा की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में रविवार 17 मार्च को आहूत बैठक में उन्होंने बताया कि 18 मार्च से जिले के विकासखंडो में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जो कि मुख्य रूप से 07 विधाएं जैसे- जनजातीय नृत्य, जनजातीय गीत, जनजातीय नाट्य, जनजातीय वाद्ययंत्रो का प्रदर्शन, जनजातीय वेशभूषा व आभूषण का प्रदर्शन, जनजातीय कला एवं गोदना का प्रदर्शन तथा जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन पर केन्द्रित होगा। प्रतियोगिता विकासखंड के उपरांत जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक विधा की 8-8 टीम चयनित होकर अर्थात कुल 56 टीम संभाग स्तर के अंतिम चरण में प्रवेश करेगी। इसके अलावा आगामी 26 मार्च को इसका जिला स्तरीय आयोजन ग्राम सिंगारभाट में किया जाएगा। बैठक में आदिवासी समाज के प्रमुखजनों से आवश्यक सहयोग व समन्वय करने की अपील सीईओ श्री मंडावी ने की।

## यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी यातायात पुलिस द्वारा होली पर्व के मद्देनजर बिते एक सप्ताह में 16 शराबी वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। साथ ही तीन सवारी चलने वाले 95 वाहनों को जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में होली पर्व के मद्देनजर सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु जिला में होलिका दहन एवं होली दिवस पर विशेष वाहन चेकिंग पाईंट लगाया गया जिसमें स्वयं पुलिस अधीक्षक महोदय मौके पर पहुंचकर यातायात नियमों का पालन नही करने वाले वाहन चालकों पर विशेष कार्यवाही करने निर्देशित किया गया था जिसके परिप्रेक्ष्य में विशेषकर रंग गुलाल खेलकर हुड़दंग करते हुए दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई चेकिंग के दौरान तीन सवारी चलने वाले वाहनों को पकड़कर यातायात सिटी कोतवाली, एवं रूद्री थाना में सुरक्षार्थ रखा गया साथ ही 16 शराबी वाहन चालकों का प्रकरण तैयार कर न्यायालय पेश किया गया जिसमें से 13 वाहन चालकों से 1,30,000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। थानों में सुरक्षार्थ रखे वाहनों को होली पर्व के उपरांत सभी वाहन चालकों को दोपहिया वाहन में तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना लायसेंस के नही चलने समझाईश देकर छोड़ा गया।

## सब्जी बाड़ी के कार्य से बदली खैरवाही के महिलाओं की कहानी

### घर की चारदिवारी से निकलकर अब खुद को बना रहीं हैं आत्मनिर्भर

**बालोद(विश्व परिवार)।** यह कहानी बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के छोटे से गांव खैरवाही की है। जहॉ सीमित अवसरों और संसाधनों के बीच गांव की कुछ महिलाओं ने अपने घर की चारदिवारी से निकलकर अपने जीवन की कहानी को एक नया मोड़ दिया है। इन महिलाओं ने सब्जी बाड़ी के कार्य को चुनकर अपने जीवन को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की राह पर लाया है। ग्राम खैरवाही की कमला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने गॉव में की जा रही पारम्परिक रूप से धान की खेती से हटकर सब्जी बाड़ी के कार्य को चुना। जिससे उन्हें अब प्रतिमाह बेहतर आय अर्जित हो रहा है, वे अब अपनी जरूरतों के साथ ही घर का खर्च भी वहन करने में सक्षम हुई हैं। कमला स्वसहायता समूह की श्रीमती सीता साहू ने बताया कि उनके समूह में कुल 10 महिलाएं हैं। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने समूह को सशक्त बनाने का कार्य किया है। घरेलु महिलाओं को घर से बाहर ले जाने के साथ ही उन्हें बैंक से ऋृण लेना, गॉव में कृषि भूमि, सिंचाई का साधन, सब्जी की बुआई, उत्पादन सहित विक्रय हेतु सब्जी मण्डी तक परिवहन का कार्य करना, यह सब कार्य उन्होंने बिहान से जुड़कर सीखा है, जिससे आज उनके जीवन की कहानी में सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता एक नया अध्याय जुड़ा है। समूह की महिलाओं ने बताया कि उन्होंने सब्जी बाड़ी के कार्य की शुरूआत छोटे स्तर से की थी, लेकिन समय के साथ आज वे लगभग 23 एकड़ कृषि भूमि में खेती का कार्य कर रहीं हैं। जिसके लिए उन्होंने गॉव के अन्य लोगों को भी काम पर रखा हुआ है। उन्होंने बताया कि मौसम के आधार पर वे सब्जी की फसल का उत्पादन करती हैं, जिससे उन्हें अच्छा उत्पादन और बेहतर मुनाफा होता है। पहले वे आसपास के बाजार में सब्जियों का विक्रय करते थे, लेकिन अब उत्पादन अधिक होने से बालोद सहित धमतरी और चारामा के सब्जी मंडी में भी उत्पादित सब्जियों का विक्रय करते हैं। वर्तमान में उनके द्वारा भिण्डी, कुम्हड़ा, लौकी, गोभी, ककड़ी आदि का उत्पादन किया जा रहा है। समूह की सदस्य श्रीमती सीता साहू ने बताया कि उनके समूह की सभी महिलाओं को प्रतिमाह महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। जिससे उन्हें अपने कार्य को निरंतर ही बेहतर ढंग से करने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है।

## बस्तर पंडुम में छलकी प्राचीन आदिवासी संस्कृति की धारा



**कांकेर(विश्व परिवार)।** प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर की आदिवासी लोक संस्कृति, परंपराओं, पोशाकों, व्यंजनों व लोक नृत्यों सहित विभिन्न विधाओं से आम जनमानस को अवगत कराने के उद्देश्य से बस्तर पण्डुम नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज कांकेर ब्लॉक के ग्राम खमढोड़गी में विकासखण्ड स्तरीय बस्तर पंडुम में विभिन्न लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर में कांकेर विधायक आशाराम नेताम उपस्थित थे। ग्राम खमढोड़गी में आयोजित 'बस्तर पंडुम' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नेताम ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने बस्तर की आदिवासी संस्कृति, परंपरा और विरासत को सहेजने तथा उन्हें पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से 'बस्तर पंडुम' का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासियों की प्राचीन धरोहर जो विलुप्ति के कगार पर है, उन्हें संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए यह प्रदेश सरकार विशेष प्रयास कर रही है। विधायक ने कहा कि आदिवासी संस्कृति ही हमारी वास्तविक पहचान है, अपनी इन्हीं जड़ों को सहेजना बहुत जरूरी है, ताकि बस्तर की भावी पीढ़ी जो धीरे-धीरे अपनी प्राचीन परंपरा और धरोहरों को खोती जा रही है, उसका पुनः जुड़ाव हो सके। इस अवसर पर उपस्थित कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्तर के प्रवेश द्वार कांकेर जिले में आदिवासी संस्कृति की उत्कृष्ट पहचान विद्यमान है। उन्होंने आगे कहा कि यहां की पुरातन रीतियों, धारणाओं और धरोहरों को सहेजने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 'बस्तर पंडुम' कार्यक्रम का आयोजन पूरे बस्तर संभाग में किया जा रहा है। कलेक्टर ने उपस्थित लोगों से कहा कि आदिवासी संस्कृति की उत्कृष्ट स्थापत्य कला को संजोकर रखना सभी की जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि 'बस्तर पंडुम' के विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न आदिवासी समूहों के द्वारा प्राचीन लोकगीतों पर आधारित प्रस्तुति दी गई, जिसमें धनकुल, डंडा नाच, गोटुलपाटा के अलावा विभिन्न वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन शामिल किया गया। इसके अलावा स्टॉलों में जनजातीय वेशभूषा और व्यंजनों का भी प्रदर्शन किया गया, जिसका अवलोकन विधायक श्री नेताम सहित कलेक्टर श्री क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियां ने किया। इस दौरान समूह की महिलाओं ने बस्तर के पारंपरिक आभूषण हंसली, पहुंची, ऐंठी, चुटकुल, चूड़ा, करधन, कौड़ी माला, कौड़ी गजरा, झलिंग, खोपा खोंचनी, बटकी खिनवा, बनुरिया, पैरकड़ा, मुड़पिन, रूपया माला, पनिया, फुंदरा, तल्लानेर, झोबा, नेर्क, सिहारी बीजमाला, सहित लया-लयोर जैसी पारंपरिक पोशाकों व गोदना का भी प्रदर्शन किया।

## बीजापुर के चारों जनपदों में हुआ बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग के स्थानीय कला एवं संस्कृति, परंपरा, लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य व्यंजन पेय पदार्थो के मूल्य रूप संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम 2025 का भव्य आयोजन कलेक्टर संबित मिश्रा के मागगर्शन में बीजापुर जिले के चारों जनपदों में हुआ जिसमें भोपालपटनम एवं भैरमगढ़ में ब्लॉक स्तरीय आयोजन का सफलतापूर्वक संपन्न होने के पश्चात जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। वहीं बीजापुर एवं उसूर ब्लॉक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का समापन 19 मार्च को होगा। जनजातीय समाज एवं बस्तर पंडुम के आयोजन को लेकर उत्साह- जिले के बैगा, गुनिया, सिरहा, पुजारी एवं जनजातीय समाज के प्रमुखों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनजातीय समाज के मौलिक परंपरा को संरक्षित एवं संर्वधित करने की परिकल्पना का स्वागत करते हुए कहा कि बस्तर पंडुम 2025 में आदिवासी समाज एवं जनजातियों के जीवन पद्धति संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला जिससे जनजातीय समाज शासन के इस सराहनीय पहल से उत्साहित नजर आ रहे हैं। सुदूर एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा- बस्तर पंडुम के व्यापक प्रचार-प्रसार के कारण नियद नेल्लानार एवं अत्यंत सुदूर क्षेत्रों के जनजातीय समुदाय ने अपने रीति-रिवाज एवं पारंपरिक गतिविधियों का मनमोहक प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता में शामिल होने पंहुचे पामेड़ मुरदंडा जैसे क्षेत्रों के दलों द्वारा भी सहभागिता दी जा रही है।

## व्यापार समाचार

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च की छोटी सिप (एसआईपी) - सपनों को साकार करने का छोटा सा तरीका

**मुंबई:** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ("KMAMC" / कोटक म्यूचुअल फंड) ने आज छोटी सिप (SIP या एसआईपी) सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की है। छोटी सिप कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की सभी पात्र योजनाओं के लिए उपलब्ध होगी।* हाल ही में सेबी और एएमएफआई ने छोटी सिप (स्मॉल टिकट एसआईपी) की शुरुआत की, जिससे भारत के और अधिक लोगों को धन सृजन की यात्रा में शामिल होने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा, भारत की कुल आबादी में से केवल 5.4 करोड़ यूनिक इन्वेस्टर ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, जिससे देश में म्यूचुअल फंड के व्यापक विस्तार की बड़ी संभावना है। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) नए निवेशकों को जोड़ने और उनकी म्यूचुअल फंड यात्रा शुरू करने का एक शानदार तरीका रहा है। छोटी सिप के लॉन्च के साथ, कोई भी नया निवेशक केवल ?250 की न्यूनतम राशि से अपनी संपत्ति निर्माण की यात्रा शुरू कर सकता है। इसे हम कह सकते हैं ङ्क 'छोटी रकम, बड़ा कदम।' यह पहल नए निवेशकों को 250 रुपये की न्यूनतम राशि के साथ सिप के माध्यम से निवेश करने में सक्षम बनाती है। छोटी सिप (छोटा सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के पीछे का उद्देश्य इस क्षेत्र में प्रवेश में आने वाली बाधाओं को कम करके, विशेष रूप से पहली बार निवेश करने वाले लोगों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश को अधिक सुलभ बनाना है। निवेशक ने पहले उद्योग स्तर पर म्यूचुअल फंड (एसआईपी या एकमुश्त) में निवेश नहीं किया होगा। निवेशक को ग्रोथ ऑप्शन में निवेश करना चाहिए और मासिक आधार पर कम से कम 60 किस्तों के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। किस्तों का भुगतान केवल एनएसीएच (नैश) या यूपीआई ऑटो-पे के माध्यम से करना चाहिए। यदि निवेशकों को संदेह है कि योजना उनके लिए उपयुक्त है या नहीं, तो उन्हें अपने वित्तीय विशेषज्ञों और कर सलाहकारों से परामर्श करना चाहिए। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी) किसी भी रिटर्न/भविष्य के रिटर्न की गारंटी या वादा नहीं करता है।

## सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी F16 5G लॉन्च किया, शानदार फीचर्स के साथ

**गुरुग्राम:**भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांडसैमसंगने आज अपने लोकप्रिय गैलेक्सी F सीरीज को और आगे बढ़ाते हुएगैलेक्सी F16 5G लॉन्च किया है। यह फोन गैलेक्सी स्न सीरीज की खास पहचान को आगे बढ़ाते हुए कई बेहतरीन फीचर्स के साथ आता है, जिनमेंशानदार ह्वस्नह्रस्रुष्ठ डिस्प्ले, 50स्रूक्कट्रिपल कैमराऔरछह जेनरेशन तक एंड्रॉइड अपग्रेड व छह साल के सिक्योरिटी अपडेटशामिल हैं। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस डायरेक्टर अक्षय एस. रावने कहा, गैलेक्सी F16 5G का लॉन्च हमारी उस प्रतिबद्धता को दोहराता है, जिसके तहत हम नए और उपयोगी नवाचारों के जरिए लोगों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करना चाहते हैं। इसे खासतौर पर जेनरेशन जीकी तेज़-रफ्तार जिंदगी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जहां परफॉर्मेंस, मजबूती और मनोरंजन का बेहतरीन संतुलन मिलेगा, जिससे एक शानदार यूजर एक्सपीरियंस मिलेगा।

**नया डिज़ाइन और शानदार डिस्प्ले-** गैलेक्सी F16 5G Ripple Glow Finish के साथ आता है, जो इसे बेहद आकर्षक बनाता है। सिर्फ 7.9mm पतले डिज़ाइनके साथ इसेस्टाइल और आरामदोनों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस फोन में 6.7 इंच का FHD+ sAMOLED डिस्प्ले दिया गया है, जोज्यादा ब्राइट, गहरे रंगों और बेहतर कंट्रास्टके साथ शानदार विजुअल एक्सपीरियंस देता है।

**बेहतरीन कैमरा सेटअप-** गैलेक्सी F16 5G कास्टाइलिश, लीनियर-ग्रूप्ड 50MP ट्रिपल कैमरा सेटअपबेहतरीन फोटो और वीडियो लेने की सुविधा देता है। इसके अलावा, इसमें 13MP का फ्रंट कैमराभी दिया गया है, जिससे शानदार सेल्फी क्लिक की जा सकती हैं।

## रियलमी ने अल्टीमेट परफॉर्मेंस स्मार्टफोन- 22,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में

**नई दिल्ली:** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने खास भारत के लिए डिज़ाईन की गई रियलमी पी3 सीरीज़ की दूसरा श्रृंखला पेश की है। इस सीरीज़ में रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और रियलमी पी3 5जी पेश किए गए हैं, जिनसे भारतीय यूज़र्स के लिए अनुकूलित अत्याधुनिक इनोवेशन की रियलमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। रियलमी ने परफॉर्मेंस, सुगम मल्टीटास्किंग, और गेमिंग के बेहतरीन अनुभव पर केंद्रित रहते हुए पी3 सीरीज़ 5जी पेश की है, जिसने मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं, और यूज़र अनुभव में सुधार लाने के लिए सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन पेश किए हैं। रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और रियलमी पी3 5जी सीमाओं को बढ़ाते ही नहीं हैं, बल्कि उन्हें खत्म कर देते हैं। मिड रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित करके ये डिवाईस अत्याधुनिक डिज़ाईन के साथ शानदार परफॉर्मेंस प्रदान कर रही हैं, ताकि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में भी उनका दबदबा बना रहे। रियलमी एक मेक इट रियल सिद्धांत के अनुरूप, ये दोनों स्मार्टफोन बेहतरीन कारीगरी, अत्याधुनिक इनोवेशन, और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी की मिसाल पेश करते हैं, साथ ही ऐसा अनुभव प्रदान करते हैं, जो शक्तिशाली होने के साथ प्रीमियम भी हो। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और रियलमी पी3 5जी पेश करके बहुत उत्साहित हैं। ये दोनों स्मार्टफोन एआई-पॉवर्ड परफॉर्मेंस, सुगम मल्टीटास्किंग, और शानदार गेमिंग के लिए उत्तम हैं। रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी अपने लुमिनस कलर-चेंजिंग फाईबर और दुनिया के पहले मीडियाटेक डायमेंसिटी 8350 अल्ट्रा चिपसेट के साथ अत्याधुनिक स्पीड और इनोवेशन पेश करता है। साथ ही, रियलमी पी3 5जी में भारत का पहला स्नैपड्रैगन 6 जेन 4 चिपसेट लगा है। यह अपनी शक्तिशाली बैटरी और टॉप-टियर वॉटरप्रूफिंग के साथ ड्यूरेबिलिटी एवं एंड्योरेंस के लिए बना है।

# आउट साइडर कप्तान की सबसे सनसनीखेज स्टोरी में से एक हैं अजिंक्य रहाणे



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2025 के लिए अजिंक्य रहाणे को अपना कप्तान बनाया। केकेआर का कप्तान बनना कोई छोटी बात नहीं। मजे की बात ये कि ये वही अजिंक्य रहाणे हैं जिन्हें केकेआर समेत किसी भी टीम ने पिछले मेगा ऑक्शन के पहले राउंड में नहीं खरीदा था। दूसरे दिन, ऑक्शन खत्म होने के बिल्कुल करीब, रैपिड राउंड में केकेआर ने उन्हें 1.5 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा, और अब उन्हें ही कप्तान बना दिया। स्पष्ट है कि तब तक रहाणे टीम की कप्तानी की स्कीम तो क्या, प्लेइंग इलेवन की स्कीम में भी नहीं थे। ये आईपीएल के सबसे हैरान करने वाले फैसलों में से एक रहेगा। जिस वेंकटेश अय्यर को मेगा ऑक्शन में, रिटेन न करने के बाद, फ्रेंचाइजी ने 23.75 करोड़ रुपये में वापस खरीद लिया, उसे कप्तान न बनाकर, 1.5 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदे, बाहरी खिलाड़ी को कप्तान बना दिया। केकेआर में रहाणे की ये दूसरी इनिंग है- इससे पहले 2022 में खेले थे (रिकॉर्ड = 7 मैच में 103.90 स्ट्राइक रेट से 133 रन)। सीजन के बाद रिलीज कर दिए गए और चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में वे एक नए अंदाज में दिखे- 2023 में 172.48 स्ट्राइक रेट से 326 रन। आईपीएल 2024 उतना अच्छा नहीं रहा (123.46 स्ट्राइक रेट से 242 रन) और सीएसके ने भी रिलीज कर दिया। तभी वे 2025 के लिए ऑक्शन पूल में थे। जहां तक कप्तान के तौर पर अनुभव की बात है तो रहाणे, भले ही कभी टीम इंडिया के नियमित कप्तान नहीं बने पर 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में जब भारत ने टेस्ट सीरीज जीती तो विराट कोहली की गैरमौजूदगी में, वे ही कप्तान थे। घरेलू सर्किट में मुंबई के कप्तान और कई टाइटल जीते हैं। सबसे नया 2024-25 सीजन में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी है। रहाणे उस टूर्नामेंट में टॉप स्कोरर थे- 164.56 स्ट्राइक रेट और 58+ औसत से 469 रन। आईपीएल में कप्तानी का रिकॉर्ड 25 मैच का है = 2017 में राइजिंग पुणे सुपर जायंट के लिए 1 और 2018 और 2019 में राजस्थान रॉयल्स के लिए 24 मैच। 2019 सीज़न के बीच में उनकी जगह स्टीवन स्मिथ को कप्तान बना दिया था। अब 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विरुद्ध सीजन ओपनर में वे आईपीएल चैंपियन टीम की कप्तानी करेंगे। 3 टाइटल हैं उनके नाम। संयोग ये है कि 2024 का टाइटल जीतने वाली टीम के कप्तान (श्रेयस अय्यर) और कोच (गौतम गंभीर) दोनों ही इस सीजन में टीम के साथ नहीं हैं। एक और बात- टीम इंडिया में हमेशा अजिंक्य रहाणे पर टेस्ट विशेषज्ञ का लेबल लगा पर उनका आईपीएल करियर काफी दिलचस्प रहा है। उपयोगी क्रिकेटर रहे पर ऐसे नहीं कि किसी टीम ने सीजन के लिए अपनी स्ट्रेटजी उनके इर्द-गिर्द बनाई हो। शुरुआत मुंबई इंडियंस के साथ पर राजस्थान रॉयल्स में नाम कमाया। जब राजस्थान रॉयल्स पर बैन लगा तो राइजिंग पुणे सुपरजाएंट उनके लिए नई टीम थी। राजस्थान रॉयल्स वापस लौटे पर अब धीमे स्ट्राइक रेट के साथ फिट न हुए।

## पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल 2025 में इस तीन नंबर पर करेंगे श्रेयस अय्यर बल्लेबाजी



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पंजाब किंग्स के नए कप्तान और कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में इंडियन प्रीमियर लीग के विजेता बनाने वाले श्रेयस अय्यर ने 18 मार्च को घोषणा करते हुए कहा कि वह आईपीएल 2025 में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करेंगे। अय्यर फिलहाल भारत की टी-20 टीम का हिस्सा नहीं है और वह पंजाब किंग्स के लिए आगामी आईपीएल में इस नंबर पर खेलते हुए भारत के लिए इस फॉर्मेट में वापसी करना चाहते हैं। पंजाब किंग्स द्वारा आयोजित प्रेस क्रॉफ्रेंस में अय्यर ने मीडिया से कहा, हम सब पहले से जानते हैं कि आईपीएल भारतीय क्रिकेट का अभिन्न अंग है। और अगर मैं टी-20 में किसी स्थान पर खुद को स्थापित करना चाहूँ तो वह नंबर 3 होगा। और मैं इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूँ। मैं यह नहीं कहूंगा कि हम इस बारे में प्लान बना रहे हैं और सोच रहे हैं कि मैं किस नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा। इस बार मैं इस चीज को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हूं। और मैं उस नंबर पर ध्यान केंद्रित करने जा रहा हूं। जब तक कोच (रिकी पोंटिंग) मुझे मंजूरी देते है। बता दें कि फिलहाल भारत की टी-20 टीम पर नंबर 3 पर तिलक वर्मा बल्लेबाजी करते हुए और उनका प्रगर्शन शानदार रहा है। वहीं अय्यर ने भारत के लिए खेले गए 51 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 19 बार नंबर 3 पर बल्लेबाजी की और उनके आंकड़े भी अच्छे हैं।

## सूर्यकुमार यादव सीएसके के खिलाफ पहले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे : हार्दिक



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2025 के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे, नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या ने इसकी पुष्टि की है। पांड्या मुंबई इंडियंस के सीजन के पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे, क्योंकि उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा हुआ है। टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2024 के अंतिम लीग मैच में धीमा ओवर-रेट दर्ज किया था, जो सीजन का उनका तीसरा अपराध भी था। सूर्यकुमार ने 2023 में एक आईपीएल मैच में मुंबई की कप्तानी की थी। पांड्या ने प्री-सीजन प्रेस कॉन्फ्रेंस, जिसमें वे बुधवार को मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के साथ शामिल हुए थे, में कहा,सूर्यकुमार यादव भारत की भी कप्तानी करते हैं। वे आईपीएल 2025 के पहले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे साथ तीन कप्तान खेल रहे हैं - रोहित, सूर्य और बुमराह। वे हमेशा मेरे कंधे पर हाथ रखते हैं और जब भी मुझे किसी मदद की जरूरत होती है, तो वे हमेशा मौजूद रहते हैं। मुंबई-चेन्नई मुकाबले के बारे में बात करते हुए जयवर्धने ने कहा, यह दोनों टीमों के लिए एक चुनौती है। मैंने हमेशा इस मुकाबले का लुत्फ उठाया है, और इसके लिए उत्साहित हूं। टीम के लिए थोड़ा और उत्साह भी है। मुंबई अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना खेल रही है, जो मार्च में सिडनी टेस्ट के दौरान लगी पीठ की चोट से उबर रहे हैं। जयवर्धने ने कहा कि बुमराह अभी भी बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब से गुजर रहे हैं। वह अभी भी एनसीए में है और दिन-प्रतिदिन उसकी निगरानी की जा रही है। वह ठीक हो रहा है और अच्छे मूड में है; उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम से जुड़ जाएगा। पिछले साल मुंबई अंक तालिका में सबसे नीचे रहा और पांड्या ने कहा कि टीम आईपीएल 2025 में हर पहलू में अपना प्रदर्शन सही करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

## इंडियन ऑयल ने जेल के कैदियों और सुधार गृहों के लिए अपनी परिवर्तनकारी पहलों का विस्तार किया



**हरिद्वार :** इंडियन ऑयल के चेयरमैन श्री ए एस साहनी ने आज राज्य सरकार और जेल अधिकारियों की मौजूदगी में भारत के विभिन्न स्थानों पर इंडियन ऑयल के 'परिवर्तन - जेल से गौरव' के 10वे चरण और 'नई दिशा - भविष्य को फिर से परिभाषित करना' के 7वे चरण का शुभारंभ किया।

इंडियन ऑयल द्वारा क्रमशः 15 अगस्त, 2021 और 26 जनवरी, 2023 को शुरू की गई दोनों पहलों का उद्देश्य खेलों की शक्ति के माध्यम से जेलों और सुधार गृहों में बंद कैदियों के जीवन को बदलना है। नए चरण में, इंडियन ऑयल 22 जेलों और 5 बाल सुधार गृहों में 1000 से अधिक व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित करेगा।

लॉन्च समारोह में इंडियनऑयल के चेयरमैन ने कहा, इस कार्यक्रम की हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यह विश्वास है कि हमेशा दूसरा मौका मिलता है। विभिन्न खेलों में कोचिंग के संपर्क में आने और उसके बाद राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से लाभार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक रूप से दिशा देने का अवसर मिल रहा है। अपने छोटे से प्रयास के माध्यम से, हम कैदियों में अनुशासन, उद्देश्य और आशा की भावना पैदा करने की उम्मीद करते हैं ताकि वे सम्मान के साथ समाज में शामिल हो सकें। इस अवसर पर, भाग लेने वाले राज्य सरकार के अधिकारियों और जेल अधिकारियों ने इस अनूठी पहल के लिए इंडियनऑयल को धन्यवाद दिया, जो सुधार गृहों में कैदियों और बच्चों को बेहतर जीवन बनाने और समाज में उपयोगी योगदान देने में मदद करेगी। शुरुआत से ही, इस पहल ने भारत के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 10,000 से अधिक व्यक्तियों को कवर करते हुए 200 से अधिक जेल स्थानों को छुआ है। इन दोनों कार्यक्रमों की सफलता पिछले साल विश्व शतरंज महासंघ (स्नढ्ढष्ठश्व) शतरंज टूर्नामेंट में जीते गए स्वर्ण और कांस्य पदक सहित विभिन्न टूर्नामेंटों में खिलाड़ियों द्वारा जीते गए विभिन्न पुरस्कारों में परिलक्षित होती है। इसके अलावा, सामाजिक भलाई के लिए खेलों के लिए स्पोर्टस्टार एसेस चेयरपर्सन अवार्ड 2023 और प्रतिष्ठित एशिया-पैसिफिक स्टीवी अवार्ड इस तरह की पहल के लिए इंडियनऑयल को प्रदान किए गए। इसे 2023 में शिकागो में शतरंज फॉर फ्रीडम कॉन्फ्रेंस में विश्व शतरंज महासंघ द्वारा भी स्वीकार किया गया।

इंडियनऑयल अपने उम्मीद-ए-होप प्रोजेक्ट के माध्यम से राज्य जेल विभागों के साथ भी सहयोग कर रहा है, जिसके तहत वर्तमान और पूर्व कैदियों द्वारा संचालित 63 ईंधन स्टेशन सामाजिक एकीकरण के माध्यम से कैदियों के बीच अपनेपन और गर्व की भावना को बढ़ावा देते हैं।

**इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बारे में-** इंडियनऑयल एक फॉर्च्यून 500, एकीकृत ऊर्जा प्रमुख है जिसकी उपस्थिति तेल, गैस, पेट्रोकेमिकल्स और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की लगभग सभी धाराओं में है। 29,000 से अधिक कर्मचारियों, व्यापक रिफाइनिंग, वितरण और विपणन बुनियादी ढांचे और उन्नत अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं के साथ, इंडियनऑयल 61000 से अधिक ग्राहक टचपॉइंट्स के अपने लगातार बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से देश भर में लाखों लोगों को ऊर्जा पहुंच प्रदान कर रहा है।

## सपाट खुला भारतीय शेयर बाजार, एफआईआई ने शुरू की खरीदारी

**मुंबई( एजेंसी ) ।** मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक सपाट खुले। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक और मेटल सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.30 बजे सेंसेक्स 17.21 अंक या 0.02 प्रतिशत बढ़कर 75,318.47 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 4.65 अंक या 0.02 प्रतिशत बढ़कर 22,838.95 पर था। निफ्टी बैंक 271.95 अंक या 0.55 प्रतिशत बढ़कर 49,586.45 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 477.40 अंक या 0.96 प्रतिशत बढ़कर 49,994.30 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 137.30 अंक या 0.89 प्रतिशत चढ़कर 15,512.00 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, सकारात्मक शुरुआत के बाद, निफ्टी को 22,750 पर सपोर्ट मिल सकता है, इससे पहले 22,650 और 22,550 पर सपोर्ट देखा जा सकता है। ऊपरी स्तर पर, पहले 22,950 और उसके बाद 23,000 और 23,100 लेवल पर तत्काल प्रतिरोध हो सकता है। पीएल कैपिटल ग्रुप की तकनीकी शोध उपाध्यक्ष वैशाली पारेख ने कहा, सेंसेक्स ने लगातार कई सत्रों में गिरावट के बाद आखिरकार एक मजबूत वापसी का संकेत दिया, जिसमें एक बड़ी बुलिश कैंडल फॉर्मेशन के साथ 20 डीएमए लेवल 74,500 लेवल से ऊपर बंद हुआ।

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**P.W.D. BRIDGE CONSTRUCTION CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**
Ph. No. **0771-4091255**, Email–sebr.raipur@gov.in

**Memo No.** 816 **NIT No. 01/ Setu/2024** **Raipur Date 13-03-2025**

**(TENDER NOTICE)**

**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**GOVT. OF CHHATTISGARH**

**1st Call**

**The Superintending Engineer, PWD Bridge Construction Circle, Sirpur Bhawan Campus Raipur (C.G.) Pin no. 492001, invites** on behalf of Governor of Chhattisgarh, sealed offers in two bid system from the eligible Designer for following work:
**Name of work : Preparation of Drawing & Design of bridges up to substructure under bridge Division Kanker & Jagdalpur.**

| S.No. | Name of Work | Length of Bridge |
|---|---|---|
| 1 | DPR for Construction of Modular Steel Bridge across Mottekhadka River In K.m. 1/4 On Sendurmeta- Rajpur | 2x39 |
| 2 | DPR for Construction of Modular Steel Bridge across Bawdi Nalla in km 1/6 on Bayanar-Madagaon road. | 1x39 |
| 3 | DPR for Construction of Modular Steel Bridge across Madin River on Kasturmetta-Katulnar-Palnar road. | 2x42 |
| 4 | DPR for Construction of Modular Steel Bridge across Madin River on Kodenar-Becha road. | 3x42 |
| 5 | DPR for Construction of Modular Steel Bridge across Bada Bahar River on Ranapal-Hasel road. | 2x42 |
| 6 | DPR for Construction of Modular Steel Bridges Across Malangir River in K.m. 1/8 on Hiroli-Dokapara to Bengpal Road. | 1x42.68 |
| 7 | DPR for Construction of Modular Steel Bridge Across Golla River in K.m. 1/8 on Kikirpara to Nilawaya Road. | 3x30.49 |
| | **Approximate Cost of Work** | **Rs. 15.12 Lacs** |

Earnest Money – Rs. 11340/-, (Eleven Thousand Three Hundred Forty) Cost of Tender – Rs. 500/-(Five Hundred) Time Allowed – 20 Days.
Last date of receipt of application for issue of tender document upto **17:00 PM- on 27/03/2025**

Other details can be seen at official web site of PWD CG. https://eproc.cgstate.gov.in/, http://cgstate.gov.in. **or** https://pwd.cg.nic.in/ on Notice Board & **in the O/o The Superintending Engineer, PWD Bridge Construction Circle, Sirpur Bhawan Campus Raipur (C.G.) Pin no. 492001, Ph. No. 0771-4091255,**

G- 242506019/4

Superintending Engineer
Public Works Department
Bridge Construction Circle
Sirpur Bhawan Campus
Raipur Chhattisgarh

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025

## विश्व वानिकी दिवस : मुख्यमंत्री साय ने वन संरक्षण का किया आह्वान

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय वानिकी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए पर्यावरण संरक्षण और जंगलों को बचाने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जंगल केवल हरियाली नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन का आधार हैं। यह न केवल प्राणवायु (ऑक्सीजन) का प्रमुख स्रोत हैं, बल्कि विभिन्न खाद्य, औषधीय और अन्य उपयोगी संसाधनों का भंडार भी हैं। पेड़ों और जंगलों के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के लिए हर वर्ष 21 मार्च को 'विश्व वानिकी दिवस' मनाया जाता है। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती जनसंख्या और आधुनिक जीवनशैली के कारण जंगल सिमटते जा रहे हैं और पर्यावरण असंतुलन बढ़ता जा रहा है।



# लाभ हमेशा दूसरों का भला करने में मिलता है : मुनि श्री समतासागर जी महाराज

## पट्टाचार्य श्री समयसागर जी महाराज का 46वॉ मुनि दीक्षा दिवस बड़े ही उल्लास के साथ लाभांडी दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में मनाया गया








**रायपुर (विश्व परिवार)।** दीक्षा गुरूदेव देते है लेकिन दीक्षा के साथ शिक्षा तथा परिक्षा भी होती है तथा उसकी समीक्षा भी की जाती है उपरोक्त उदगार आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के 44 बां दीक्षा दिवस पर निर्यापक श्रमण समतासागर महाराज ने श्री पदमप्रभु दि. जैन मंदिर लाभांडी में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जो लोग धैर्य का परिचय देते है,उनका भला भी होता है और लाभ भी मिलता है रायपुर के प्रवास में डी.डी.नगर,टैगोरनगर, फाफाडीह,तथा मालवीय रोड़ के जिनालयों की बंदना हुई तथा तीन चार दिन से समवसरण विधान की खूव धूम रही आप सभी ने धर्म की प्रभावना की रायपुर के अंतिम प्रवास में लाभांडी के श्री पदमप्रभु जिनालय में आप लोगों को दर्शन लाभ के साथ एक और कार्यक्रम पट्टाचार्य समयसागर जी महाराज का 44 बां दीक्षा दिवस मिल गया, उन्होंने छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरी डोंगरगढ़ के कार्यक्रम में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करने बाले विनोद बडजात्या परिवार को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर अपना आशीर्वाद प्रदान किया उन्होंने आचार्य श्री समय सागर जी की दीक्षा दिवस पर सम्वोधित करते हुये कहा कि असल मोक्षमार्ग तो 'दीक्षा' का ही है,लेकिन यदि दीक्षा नहीं ले पा रहे हो तो सदगृहस्थ बनो मुनि आर्यिकाओं की सेवा करो मुनि श्री ने कहा कि यदि आप सदग्रहस्थ बन गये तो पंचमकाल में यह भी बहूत बड़ी दीक्षा है। उन्होंने मुनिवर समय सागर महाराज की दीक्षा का वृतांत सुनाते हुये कहा कि गुरूवर को आचार्य पद तो 1972 में ही मिल गया था और उसी समय उनके गुरुदेव आचार्य ज्ञानसागर जी की समाधि भी हो गई थी लेकिन उन्होंने दीक्षा दैनै में कभी जल्दबाजी नहीं की, आचार्य श्री का अनुशासन प्रारंभ से ही अनुशासित था वह संघ के ब्रहम्चारिओं को भी बहूत अनुशासन में रखते ही नहीं बल्कि परखते भी थे मुनि श्री ने कहा कि हम भी जब संघ में आये तो हमारी भी इतनी हिम्मत नहीं थी कि हम आचार्य श्री से कहें कि संघ में आये दो साल हो गये हमें दीक्षा दे दो? हालांकि आचार्य श्री ने कभी किसी को डांटकर नहीं रखा लेकिन उनका ऐसा डिसीप्लीन था कि वह स्वं भी अनुशासन में रहते थे और सभी को अनुशासन में रखना पसंद करते थे उन्होंने कभीअपनी जिंदगी में किसी को बुरा नहीं बोला और किसी की बुराई को भी नहीं सुना,तथा अपने होशोहवास में कभी भी 'अपशव्द' का प्रयोग नहीं किया आचार्य श्री का जीवन संयमित एवं अनुशासित रहा उन्होंने संघ को तो बड़ाया लेकिन दीक्षा दैनै में कभी जल्दबाजी नही की। आचार्य श्री ने 1980 के मार्च माह में प्रथम दीक्षा द्रोणागिरी सिद्धक्षेत्र में समयसागर जी को मुनि दीक्षा प्रदान की जिनका आज हम लोग 46 बां दीक्षा दिवस मना रहे है,उन्होंने अपना इतना लम्वा समय गुरुआज्ञा और साधना में बिताया और आज वह आचार्य गुरूदेव की प्रतिमूर्ति बने हुये है। इस अवसर पर मुनि श्री पवित्रसागर महाराज ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज में जो सरलता और निस्प्रहता थी वही सरलता और निस्प्रहता वर्तमान आचार्य समयसागर महाराज में है आचार्य श्री ने कभी भी किसी का प्रतिकार नहीं किया और वही हमारे नवीन आचार्य पट्टाचार्य में है

राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन एवं स्थानीय मीडिया प्रभारी अतुल जैन गोधा ने बताया मुनिसंघ सानिध्य में आचार्य श्री समयसागर महाराज का 46 बां दीक्षा दिवस लाभांडी के पदमप्रभु जिनालय में मनाया गया इस अवसर पर आचार्य श्री की संगीतमय पूजन की गई कार्यक्रम में शंकरनगर,मालवीय रोड़ फाफाडीह टैगोरनगर कचना आदि सभी मंदिरों के प्रतिनिधियों ने गुरूदेव की पूजन में अर्घ समर्पित किये।

प्रात:काल अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई तथा मुनि श्री कचना स्थित दि. जैन मंदिर की बंदना करने गये।

आयोजन के दौरान पदम् प्रभु भक्त लाभांडी, टेगोर नगर, शंकर नगर, फाफाडीह, मालवीय रोड, कचना, डीडी नगर भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, तिल्दा नेवरा आदि से बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं उपस्थित रहे।

**-अविनाश जैन**

# विश्व जल दिवस पर मर्सी फॉर एनिमल्स के कार्यकर्ताओं ने मांस उत्पादन में पानी की खपत को उजागर करने पानी की टंकियों में लगाई 'डुबकी'

**मर्सी फॉर एनिमल्स ने पानी के उपयोग पर मांस की खपत के प्रतिकूल प्रभाव को प्रदर्शित किया**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व जल दिवस पर, मर्सी फॉर एनिमल्स ने मरीन ड्राइव, तेलीबांधा झील, रायपुर में मांस उत्पादन के चौंका देने वाले जल पदचिह्न के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक शक्तिशाली प्रदर्शन किया। दो कार्यकर्ताओं ने पानी की टंकियों में डूबकर प्रतीकात्मक वेशभूषा पहनी- एक चिकन के रूप में, मांस उत्पादन के लिए खपत किए गए पानी की विशाल मात्रा का प्रतिनिधित्व करते हुए, और दूसरा मटर के रूप में, पौधे-आधारित खाद्य पदार्थों के कम जल पदचिह्न को उजागर करते हुए।

स्वयंसेवक ऐसे तख्तियों के साथ खड़े थे जिन पर लिखा था 1 किलो मांस के उत्पादन में लगभग 8, 000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है, जबकि 1 किलो सब्जियों में केवल 322 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। यह असमानता हमारे आहार विकल्पों के पर्यावरणीय प्रभाव और अधिक टिकाऊ खाद्य प्रणालियों की ओर बदलाव की तत्काल आवश्यकता को दर्शाती है। मर्सी फॉर एनिमल्स इंडिया के आयोजन समन्वयक कुशल समद्दार ने कहा, जल संकट एक वैश्विक समस्या है, और भोजन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समद्दार आगे कहते हैं, हम लोगों से पौधे-आधारित आहार पर स्विच करने और सभी के लिए एक टिकाऊ भविष्य बनाने पर विचार करने का आग्रह करते हैं। भोजन के लिए जानवरों को पालने, खिलाने और मारने के लिए बड़ी मात्रा में ताजे पानी का उपभोग करते हैं, जिससे पशु कृषि वैश्विक ताजे पानी के उपयोग के लगभग 20 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है। पौधे-आधारित आहार को अपनाने से एक व्यक्ति के भोजन संबंधी पानी के उपयोग में 50 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। मर्सी फॉर एनिमल्स जनता से उनके आहार विकल्पों के पर्यावरणीय परिणामों पर विचार करने और उनके जल पदचिह्न को कम करने और अधिक टिकाऊ भविष्य में योगदान करने के लिए पौधे-आधारित विकल्पों को अपनाने का आग्रह करता है।

# शक्ति छ.ग. विप्र महिला समाज द्वारा रंग पंचमी व नारी सम्मान कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शक्ति छ.ग. विप्र महिला समाज द्वारा रंग पंचमी व नारी सम्मान कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया, जिसमें ठाकुर प्यारेलाल वार्ड से नवनियुक्त वार्ड पार्षद श्रीमती सुमन पांडे का रंगोत्सव के उपलक्ष्य में गुलाल लगाकर शाल श्री फल व मोमेंटो से स्वागत कर बधाईयां दी गई तत्पश्चात नारी सम्मान के तहत कवियत्री संध्या रानी शुक्ला, अभिनय के क्षेत्र में सविता तिवारी, साहित्य के क्षेत्र में श्वेता तिवारी, कवियत्री सुमन बाजपेई, शिक्षा के क्षेत्र में डॉ श्वेता तिवारी रानी, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ गरिमा झा का सम्मान शॉल 1 श्रीफल मोमेंटो देकर किया गया।जिन्होंने समाज में अपनी उपलब्धियों से एक स्थान बनाया 1 समाज इनसे सहयोग के रूप में इनकी उपलब्धियों से फायदा लिया जा सकता हे तत्पश्चात रंगपंचमी के अवसर पर होलीमिलन का कार्यक्रम रखा गया जिसमें एक से एक नृत्य की प्रस्तुति दी गई फाग गीत गाया गया व महिलाएं बतौर मनोरंजन होली के गीतों के साथ डांस मोज मस्ती फन में डूबी रही। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के नेतृत्व में सुषमा तिवारी का मंच संचालन रहा। कुसुम शर्मा, विभातिवारी, सरिता शर्मा, सुनीता, मिश्रा, सुनीतदुबे, ममता शर्मा, रत्ना शर्मा अलका दीवान, प्रियंका, शिवाली, अर्चना, कल्पना, अर्चना, राज, भारती किरण, भारती मिश्र, विजयलक्ष्मीमिश्रा, पूर्णिमा तिवारी, प्रभा शर्मा, लताशुकला, आदि अब उपस्थित थी खूब मजे लिए।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में विकसित भारत @2047: प्रगति और विकास विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का किया जाएगा आयोजन




**नया रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी संकाय के द्वारा 21 और 22 मार्च को विकसित भारत @2047: प्रगति और विकास विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग और इंडियन इकोनॉमिक्स एसोशिएशन के सहयोग और नेशनल लॉ युनिवर्सिटी (त्रिपुरा), हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ युनिवर्सिटी (नया रायपुर), कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (रायपुर), सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय (कलकत्ता), शासकीय राजमोहिनी देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय (अम्बिकापुर), शासकीय दूधाधारी संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय (रायपुर) के अकादमिक सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ये प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय के साथ सहयोग कर रहा है।

यह आयोजन भारत के स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष विकसित भारत @2047 तक एक विकसित राष्ट्र में बदलने की दूरदर्शी पहल है। इस शिखर सम्मेलन में शिक्षा, संस्कृति, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे, वाणिज्य और स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दों पर विचार मंथन के लिए हुए देश-विदेश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख एक साथ आएंगे। इसमें कई तकनीकी सत्र, ब्रेकआउट सत्र और देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभागियों द्वारा 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी, जिससे एक मजबूत ज्ञान विनिमय और नेटवर्किंग प्लेटफ़ॉर्म तैयार होगा।

उद्घाटन समारोह में सीआईडीसी के महानिदेशक डॉ. पी. आर. स्वरूप, छत्तीसगढ़ सरकार के उच्च शिक्षा संयुक्त निदेशालय के डॉ. जी. ए. घनश्याम अयंगर, सेवानिवृत्त आईएफएस डॉ. अरविंद अनिल बोअज़ और छत्तीसगढ़ सरकार के जनसंपर्क निदेशालय के संयुक्त निदेशक डॉ. आलोक देव सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। चूंकि भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष के करीब पहुंच रहा है, इसलिए यह सम्मेलन देश के विकसित राष्ट्र बनने के सपने को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह कार्यक्रम एनएमडीसी, सागर, टीएमटी परफेक्ट टूल एंड मशीनरी, सद्भावना अस्पताल और एसटीसी द्वारा सह-संचालित है।

# लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने पदभार सम्हाला



**महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़ एवं आमजनों ने दी शुभकामनाएं**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के प्रथम तल पर आबंटित कक्ष क्रमांक 216 में पहुंचकर नगर निगम के लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष शहीद चूड़ामणि वार्ड नम्बर 37 के नवनिर्वाचित पार्षद दीपक जायसवाल ने प्रथम पूज्य देव श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर आचार्य द्वारा वैदिक मन्त्रोंच्यार ओर शंख ध्वनि के मध्य अपना कार्यभार सम्हाल लिया है।

महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र,अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, अधिकारियों ओर कर्मचारियों, नगर के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, महिलाओं, आमजनों, वार्डवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर फूलमालाओं से लादकर ओर बुके प्रदत्त कर एमआईसी सदस्य का पदभार निगम मुख्यालय भवन में ग्रहण करने पर दीपक जायसवाल को हार्दिक बधाइयाँ ओर शुभकामनायें दी हैं।

# राज्यपाल रमेन डेका से दिगम्बर जैन महासभा के उपाध्यक्ष प्रकाश मोदी ने सौजन्य भेंट की



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा के उपाध्यक्ष एवं पारस चैनल के डायरेक्टर श्री प्रकाश मोदी ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने जैन धर्म के प्रथम तीर्थ कर भगवान आदिनाथ की जयंती के अवसर पर भाटापारा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय कार्यक्रम के लिए बतौर मुख्य अतिथि रमेन डेका को आमंत्रित किया। इस अवसर पर श्री प्रियेश जैन, श्री गौरव जैन और श्री करण कश्यप उपस्थित थे।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीडीएस दुकानों के संचालन का उठाया मुद्दा

**महिला पर्यवेक्षकों की भर्ती एवं नवजात शिशुओं के पोषण का भी उठाया मुद्दा**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार विधानसभा में जनहित व शासकीय योजनाओं के विषयों एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर विधानसभा में प्रश्न किया जा रहा है। आज विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन वितरण एवं कोविड-19 के समय केंद्र सरकार द्वारा अन्न प्रदाय के वितरण में तत्कालीन प्रदेश की कांग्रेस सरकार में हुई गड़बड़ी का विषय विधानसभा में उठाया।

भावना बोहरा ने प्रश्न पूछा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में निवासरत गरीब परिवारों के लिए प्रतिमाह कितना चावल राज्य को आबंटित किया जाता है? राज्य सरकार द्वारा अप्रैल, 2023 से फरवरी, 2025 तक इस योजना अंतर्गत कितने चावल का वितरण किया गया? जिसका उत्तर देते हुए माननीय खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल जी ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारियों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित मासिक प्रात्रता अनुसार वर्तमान में 1,15,338 टन चावल प्रतिमाह आबंटित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अप्रैल 2023 से फरवरी 2025 तक 25,70,780 टन चावल का वितरण किया गया। पूरक प्रश्न करते हुए भावना बोहरा ने कहा की कोविड-19 के समय में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देशवासियों को राहत देने के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की थी।

# छत्तीसगढ़ इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो 2025 (CITEX 2025) : MSMEs और निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए एक प्रमुख पहल




**रायपुर (विश्व परिवार)।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार) के सहयोग से, PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI) पहली बार छत्तीसगढ़ इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो 2025 (CITEX 2025) का आयोजन कर रहा है। यह एक्सपो 20-23 मार्च 2025 तक सेंट पॉल चर्च कंपाउंड, सिविल लाइंस, रायपुर में आयोजित किया जाएगा। CITEX 2025 का उद्घाटन 20 मार्च को किया गया।

CITEX 2025, छत्तीसगढ़ के MSMEs और संबंधित निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र के समर्थन के लिए एक प्रमुख पहल है। यह एक्सपो मध्य भारत का एक अनूठा व्यापार मंच होगा, जो छोटे और मध्यम उद्यमों के व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ाने में मदद करेगा। इस एक्सपो के माध्यम से MSMEs को उचित बाजार संपर्क प्राप्त करने, बड़े कॉर्पोरेट्स के साथ सहायक इकाई या आपूर्तिकर्ता के रूप में जुड़ने के अवसर मिलेंगे।

CITEX 2025 का उद्घाटन में श्री किशोर इरपाते, सहायक निदेशक, MSME DFO, MSME मंत्रालय, भारत सरकार और श्री ओपी बंजारे, महाप्रबंधक, CSIDC, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री प्रदीप टंडन, अध्यक्ष, PHDCCI छत्तीसगढ़ चैप्टर, श्री प्रतीक सिंह, सह-अध्यक्ष, PHDCCI छत्तीसगढ़ चैप्टर, श्री आदित्य त्रिपाठी, वरिष्ठ सचिव, PHDCCI, और श्री सुमित दुबे, रेजिडेंट डायरेक्टर, PHDCCI छत्तीसगढ़ चैप्टर उपस्थित रहे।

**CITEX 2025: MSMEs और उद्योगों के लिए एक बड़ा अवसर :** छत्तीसगढ़ के MSMEs और निर्यातकों के सतत विकास को समर्थन देने की आवश्यकता के मद्देनजर, CITEX 2025 एक परिवर्तनकारी पहल है। यह एक्सपो स्थानीय उत्पादों और MSMEs को उपयुक्त स्थानों पर सही तरीके से स्थापित करने के लिए हितधारकों के सहयोग को गहरा करेगा। CITEX 2025 विभिन्न क्षेत्रों के MSMEs की भागीदारी को आकर्षित करेगा, जिनमें शामिल हैं। हस्तशिल्प, फर्नीचर और खिलौने, रत्न एवं आभूषण निर्माण उपकरण, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण आयुष, शिक्षा, हरित और वैकल्पिक ऊर्जा, होटल उद्योग एडवेंचर पर्यटन इस एक्सपो में लगभग साठ MSMEs अपने स्टॉल लगाएंगे, और यह उन्हें बाजार से जुड़ने और व्यापारिक लीड प्राप्त करने में महत्वपूर्ण रूप से लाभान्वित करेगा। एक्सपो में सरकारी अधिकारियों, उद्योग हितधारकों, कारीगरों, पेशेवरों, अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, नागरिक समाज के सदस्यों, मीडिया और उपभोक्ताओं की बड़ी भागीदारी होगी।

CITEX, MSMEs के विकास और संबंधित निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से PHDCCI की वार्षिक प्रमुख पहल होगी। यह छत्तीसगढ़ के MSMEs और विभिन्न उद्योग हितधारकों के लिए एक प्रभावशाली मंच बनने की उम्मीद है, जहां वे अपनी औद्योगिक उत्पादों को व्यापक दर्शकों के सामने प्रदर्शित कर सकेंगे। CITEX 2025 छत्तीसगढ के MSMEs और उद्योगों को स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को बाजार में स्थापित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354